दैनिक
# भीम प्रज्ञा
PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026
2009 से स्थापित
सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता
www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-116 | झुंझुनू (राजस्थान) | शनिवार, 21 मार्च, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य: 5.00

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'सफलता भाग्य से नहीं, सही दिशा में किए गए निरंतर प्रयासों से मिलती है; और जो व्यक्ति हार मानने से इंकार कर दे, वही इतिहास रचता है।'

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए
हेल्पलाइन - 9983040937
Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

## श्रावस्ती में अनाथपिंडक स्तूप : एक यात्रा, एक इतिहास और करुणा की अमर गाथा

भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपरा में कुछ स्थान ऐसे हैं, जहां इतिहास केवल पुस्तकों में नहीं बल्कि धरती की धूल, स्तूपों की ईंटों और जनमानस की स्मृतियों में जीवित रहता है। ऐसी ही एक पवित्र भूमि है श्रावस्ती, जहां कभी गौतम बुद्ध ने अपने जीवन का लंबा समय बिताया और मानवता को करुणा, समता और मध्यम मार्ग का संदेश दिया। हाल ही में श्रावस्ती की यात्रा के दौरान मुझे उस ऐतिहासिक स्थल को देखने का अवसर मिला, जिसे अनाथपिंडक स्तूप के नाम से जाना जाता है। इस स्थल को देखकर केवल इतिहास की स्मृति ही नहीं जागती, बल्कि बौद्ध संस्कृति के मानवीय मूल्यों का जीवंत अनुभव भी होता है। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

**यात्रा का अनुभव और ऐतिहासिक वातावरण**

जब मैं श्रावस्ती के ऐतिहासिक क्षेत्र में पहुंचा तो वातावरण में एक अलग ही शांति और आध्यात्मिकता का अनुभव हुआ। यहां के प्राचीन अवशेष, विहार और स्तूप मानो सदियों पुरानी सभ्यता की कहानी सुना रहे थे। इन्हीं ऐतिहासिक धरोहरों के बीच स्थित है वह स्थान, जिसे अनाथपिंडक स्तूप से जोड़ा जाता है।

यह स्थल केवल एक पुरातात्विक स्मारक नहीं है, बल्कि यह उस महान दानवीर की स्मृति से जुड़ा हुआ है जिसने बुद्ध और संघ के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर दिया था।

**अनाथपिंडक : करुणा और दान की प्रतिमूर्ति**

बौद्ध परंपरा के अनुसार अनाथपिंडक का वास्तविक नाम सुदत्त था। वे श्रावस्ती के एक समृद्ध व्यापारी थे, लेकिन उनकी पहचान उनके धन से नहीं बल्कि उनके दान और करुणा से थी। वे अनाथों, गरीबों और जरूरतमंदों की सहायता करते थे, इसलिए लोगों ने उन्हें 'अनाथों का पालन करने वाला' यानी अनाथपिंडक कहना शुरू कर दिया। इतिहास बताता है कि जब सुदत्त पहली बार बुद्ध से मिले तो उनकी शिक्षाओं से अत्यंत प्रभावित हुए। उन्होंने निश्चय किया कि बुद्ध और उनके भिक्षु संघ के लिए श्रावस्ती में एक ऐसा स्थान होना चाहिए जहां वे निवास कर सकें और लोगों को धर्म का उपदेश दे सकें।

**जेतवन विहार की ऐतिहासिक कथा**

श्रावस्ती में राजकुमार जेत का एक सुंदर उद्यान था। सुदत्त ने उस उद्यान को खरीदने का निश्चय किया। किंवदंती के अनुसार राजकुमार जेत ने मजाक में कहा कि यदि सुदत्त पूरे उद्यान की भूमि को सोने के सिक्कों से ढक दें तो वह इसे बेच देंगे। यह चुनौती सुनकर सुदत्त पीछे नहीं हटे। उन्होंने सचमुच उस भूमि पर सोने के सिक्के बिछा दिए। उनकी इस अद्भुत उदारता से प्रभावित होकर राजकुमार जेत ने वह स्थान बुद्ध और संघ को समर्पित कर दिया। इसी स्थान पर प्रसिद्ध जेतवन विहार का निर्माण हुआ, जो आगे चलकर बौद्ध धर्म का एक प्रमुख केंद्र बन गया। कहा जाता है कि बुद्ध ने अपने जीवन के लगभग 25 वर्ष वर्षावास यहीं बिताए और अनेक महत्वपूर्ण उपदेश दिए।

**अनाथपिंडक स्तूप का ऐतिहासिक महत्व**

श्रावस्ती क्षेत्र में जो स्तूप और अवशेष पाए गए हैं, उन्हें बौद्ध कालीन संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण प्रमाण माना जाता है। पुरातत्वविदों का मानना है कि ये स्तूप उस काल के धार्मिक जीवन और सामाजिक संरचना की झलक प्रस्तुत करते हैं। अनाथपिंडक स्तूप को उस महान दानवीर की स्मृति से जोड़कर देखा जाता है जिसने बुद्ध के धर्म प्रचार के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। यह स्तूप बौद्ध धर्म में दान और करुणा की सर्वोच्च परंपरा का प्रतीक माना जाता है।

**लोक परंपरा और जनमानस की श्रद्धा**

श्रावस्ती के स्थानीय लोगों में आज भी अनाथपिंडक की कथा बड़े श्रद्धा भाव से सुनाई जाती है। यहां के लोगों का मानना है कि अनाथपिंडक ने यह सिद्ध किया कि धर्म केवल पूजा या अनुष्ठान से नहीं बल्कि मानव सेवा और करुणा से जीवित रहता है।

यात्रा के दौरान कई स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं से बातचीत में यह बात सामने आई कि वे अनाथपिंडक को केवल ऐतिहासिक व्यक्ति नहीं बल्कि दान और सामाजिक सेवा की प्रेरणा के रूप में देखते हैं।

**बौद्ध दर्शन की दृष्टि से महत्व**

बौद्ध दर्शन में अनाथपिंडक की कथा का विशेष महत्व है क्योंकि यह बताती है कि समाज में परिवर्तन केवल साधु या भिक्षु ही नहीं बल्कि गृहस्थ भी कर सकते हैं।

**अनाथपिंडक ने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि–** धन का सर्वोत्तम उपयोग समाज सेवा में है। करुणा और दान मानवता की सबसे बड़ी शक्ति है। धर्म का वास्तविक स्वरूप मानव कल्याण में निहित है।

**आधुनिक समय में इस विरासत की प्रासंगिकता**

आज के समय में जब समाज में भौतिकता और स्वार्थ की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है, तब अनाथपिंडक की कथा हमें यह याद दिलाती है कि समाज का वास्तविक विकास करुणा, सहयोग और साझा जिम्मेदारी से होता है। श्रावस्ती के ये ऐतिहासिक स्थल केवल अतीत की स्मृति नहीं हैं, बल्कि वे वर्तमान समाज को भी नैतिक और मानवीय मूल्यों की प्रेरणा देते हैं। श्रावस्ती की यात्रा मेरे लिए केवल एक ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण नहीं बल्कि एक गहन आध्यात्मिक अनुभव था। अनाथपिंडक स्तूप को देखकर यह महसूस हुआ कि इतिहास केवल पत्थरों और अवशेषों में नहीं बल्कि उन मूल्यों में जीवित रहता है जो मानवता को दिशा देते हैं। अनाथपिंडक की कथा हमें यह सिखाती है कि करुणा, दान और मानव सेवा ही सच्चे धर्म का आधार हैं। यही कारण है कि श्रावस्ती की यह पवित्र भूमि आज भी दुनिया भर के लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है।

# किसानों को थमाए खजूर के खराब पौधे, पनपे ही नहीं

## 2.10 करोड़ का मुआवजा मिलेगा, पौधें भी होंगे रिप्लेस

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**श्रीगंगानगर ।** राजस्थान के 17 जिलों में किसानों को खजूर के खराब पौधे थमा दिए गए। 10 महीने बाद भी जब खजूर नहीं पनपी तो जांच की गई। इसमें पता चला कि पौधे नर है, जिसके कारण उनमें फूल नहीं आएंगे। इसके कारण अच्छी फसल की आस में बैठे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। किसानों की शिकायत पर विभाग ने पौधों की सप्लाई करने वाली फर्म के अधिकारियों पर श्रीगंगानगर में 5 अक्टूबर 2025 को मामला दर्ज करवाया। इसके बाद श्रीगंगानगर के किसानों को 1.10 करोड़ मुआवजा जारी किया है। जबकि बाड़मेर, जैसलमेर, अजमेर, बीकानेर, हनुमानगढ़, झुंझुनू और पाली के किसानों को भी एक करोड़ का मुआवजा खातों में ट्रांसफर किया जाएगा। साथ ही खराब पौधों को रिप्लेस कर सही पौधे भी दिए जाएंगे।

### सरकार ने प्रति पौधा 3 हजार रुपए सप्लायर को दिए

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत केंद्र और राज्य सरकार ने खजूर की खेती को प्रोत्साहन देने के लिए प्रति पौधा 75' अनुदान तय किया था। सरकार की ओर से सप्लायर फर्म को प्रति पौधा 3 हजार रुपए देने थे। हॉर्टिकल्चर विभाग के टेंडर में मेडजूल, खुनैजी, बरही और अल-इन-सिटी जैसी उन्नत किस्मों के पौधे सप्लाई करने



का प्रावधान था। नई दिल्ली के कनॉट प्लेस और जयपुर की सी-स्कीम स्थित मैसर्स भारतीय राष्ट्रीय निर्माण एवं विकास सहकारी संघ(NFCD) को 25 मई 2022 को जयपुर में अनुबंध मिला। इसमें प्रति पौधा 4350 से 5000 रुपए का रेट फिक्स हुआ। प्रदेश के 17 जिलों में कुल डेढ़ लाख से ज्यादा पौधे सप्लाई किए गए, जिनमें औसतन 4700 रुपए प्रति पौधा भुगतान हुआ। कुल घोटाला करीब 35.25 करोड़ का था। ऐसे में राजस्थान के आठ जिलों के अलावा दूसरे 9 जिलों में भी जांच की जा रही है।

### श्रीगंगानगर में सबसे पहले पकड़े गए थे नकली पौधे

2024 में जब लगाए गए पौधों में फूल नहीं आए, तो किसानों ने शिकायत की कि पौधे उन्नत नस्ल के नहीं हैं। ज्यादातर नर पौधे मादा बताकर थोपे गए या खराब क्वालिटी के थे। श्रीगंगानगर में 6500 से अधिक पौधे सप्लाई हुए। इनमें से 3811 पौधे खराब निकले। जिले में 344 पौधों की पहली खेप 21 सितंबर 2022 को आई थी और कुल 18 किसानों ने 47 हेक्टेयर (लगभग 200 बीघा) में इन्हें लगाया था। लेकिन पौधे फसल तो बन गए, लेकिन फल नहीं आए। अनुबंध के मुताबिक खराब पौधे मिलने पर NFCD को प्रति पौधा प्रति वर्ष 800 रुपए का हर्जाना देना था और पौधे बदलकर देने थे। लेकिन बार-बार शिकायत के बावजूद न हर्जाना दिया गया, न पौधे बदले गए।

### किसान बोले- एक साल बाद पता चला कि पौधे खराब है

सूरतगढ़ के किसान शीशपाल का कहना है- हमने 2023 में हॉर्टिकल्चर विभाग से प्रेरित होकर खजूर के पौधे लगाए थे। लेकिन विभाग ने नकली पौधे दे दिए थे। इसके बाद से हम लगातार इसकी शिकायतें कर रहे थे, जिससे नुकसान की भरपाई हो और मुआवजा मिले। अब हमें मुआवजा देने के आदेश हुए हैं और पौधे भी रिप्लेस होंगे। किसान छगन लाल का कहना है- मैंने हॉर्टिकल्चर विभाग श्रीगंगानगर के माध्यम से 899 खजूर के पौधे लिए थे। लेकिन एनएफसीडी ने फ्रॉड करते हुए नकली खजूर के पौधे दे दिए। इसका हमें एक साल बाद पता चला। हमने इसकी शिकायतें की और मुआवजा मांगा। सुनवाई करते हुए हॉर्टिकल्चर विभाग ने कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया। अब जाकर मुआवजे के आदेश हुए हैं।




### FIR के बाद अब मिलेगा मुआवजा

उप निदेशक (उद्यान) प्रीति बाला गर्ग ने कोतवाली थाने में 5 अक्टूबर 2025 को मामला दर्ज कराया था। FIR में NFCD के दिल्ली और जयपुर के अधिकारी सुभाष चौधरी, बनवारीलाल सेपट, अशोक शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, चेयरमैन श्रीराम इकवाल सिंह और रनजीत सिंह के खिलाफ कार्रवाई हुई। अब हॉर्टिकल्चर विभाग ने फैसला लिया है कि प्रभावित किसानों को मुआवजा और रिप्लेसमेंट पौधे दिए जाएंगे। श्रीगंगानगर जिले के लिए 1 करोड़ 10 लाख रुपए आवंटित किए गए हैं। यहां 3 हजार पौधे आवंटित थे, जिनमें से 1700 पौधे रिप्लेस होंगे। मार्च महीने में मुआवजा किसानों के खातों में ट्रांसफर कर दिया जाएगा।

## टोहाना में करोड़पति परिवार ले रहे हैं राशन: गरीबों के कटे नाम, हो जांच -हरियाणा भीम आर्मी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत रंगा ।** टोहाना शहर में लगभग-लगभग हर वार्ड के राशन डिपो में ऐसे मामले देखने में आ रहें हैं जहां करोड़पति परिवार तो धड़ल्ले से गरीबों की सुविधाओं की सभी सुविधाओं के साथ साथ पांच किलो राशन तक ले रहे हैं परंतु वास्तविक गरीबों के राशन की सुविधा काटी जा रही है जब गरीब परिवार का वंचित किया गया व्यक्ति अपनी इस सम्बन्ध में शिकायत लेकर डिपो धारक या सम्बंधित अधिकारी के पास पहुंचता है तो बताया जाता है कि यह नाम ऊपर से कट कर आता है जब कि वास्तविकता से कोसों दूर



सच्चाई जानते हुए भी गरीब अपने हक़ के लिए दर दर की ठोकरें खाते दिखाई दे ते हैं तथा नौकरी पेशा वाले व करोड़ों अरबों की प्रोपर्टी वाले धड़ल्ले से पांच किलो गेहूं के लिए डीपो के सामने सुबह ही पहुंच जाते हैं,इस प्रकार की हर डीपो व वार्ड में राशन डिपो में अनियमितता की जांच के लिए मुख्यमंत्री विजिलेंस से जांच कराई जानी चाहिए ताकि भविष्य में वास्तविक जरूरत मंद ग़रीब परिवारों को उनका हक़ मिल सके,यह कहना है हरियाणा भीम आर्मी लीगल विंग के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट विजय कृष्ण रंगा का।भीम आर्मी (लीगल विंग) के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट विजय कृष्ण रंगा ने मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी को ई-मेल के माध्यम से शिकायत भेज कर टोहाना में सभी डिपो में राशन वितरण की पूर्णतया उचित तरीके से जांच कराई जानी चाहिए जिससे गरीब को अपना हक़ मिल सकें।

## नर्सिंग ऑफिसर में चयन होने पर सुनील सांमरिया का हुआ सम्मान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** नीमराना कस्बे के अंबेडकर मोहल्ले में रहने वाले ओमप्रकाश सामरिया की पुत्री सुनील सांमरिया का नर्सिंग ऑफिसर के पद पर चयन होने से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे समाज का नाम रोशन किया है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष एडवोकेट वेद प्रकाश सैनी ने अपनी टीम के साथ उनके निवास पर पहुंचकर सुनील सांमरिया का साफा पहनाकर, माल्यार्पण कर एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि सुनील की मेहनत, लगन और संघर्ष अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस दौरान उपस्थित नगर उपाध्यक्ष संजय कुमार यादव, किरण सांमरिया, महावीर चर्खिया, संजय कुमार, प्रशांत शर्मा, एडवोकेट मनजीत सामदिया, देवेंद्र कुमार, प्रवीण यादव, प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष गिरिराज



सांवरिया, जितेंद्र गुर्जर, सुनील कुमार मेघवाल, पत्रकार एवं परिवारजन सुमेर सिंह, दुलीचंद गुरु जी एवं नागरिकों ने सुनील को शुभकामनाएं दीं और उनके माता-पिता को इस सफलता के लिए बधाई दी। सभी ने आशा व्यक्त की कि वह अपने पद पर रहते हुए समाज की सेवा कर क्षेत्र का नाम और ऊंचा करेंगी। कार्यक्रम के अंत में मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया गया और सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## साधना डिफेंस एकेडमी ने रचा इतिहास, खुशी व तनु का नवोदय में चयन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पलसाना।**

**पवन कुमार शर्मा ।** निकटवर्ती ग्राम डूकिया स्थित साधना डिफेंस एकेडमी ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। संस्था ने पिछले छह वर्षों से लगातार नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में विद्यार्थियों का चयन करवाकर अपनी श्रेष्ठ शैक्षणिक गुणवत्ता को सिद्ध किया है। संस्था के निदेशक रामदेव सिंह खरेसिया ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इस वर्ष विद्यालय की छात्रा खुशी पुत्री रामपाल तथा तनु पुत्री सुभाष मेहरा का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ





है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास का माहौल रहा और छात्राओं का मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्यामलाल बाजिया, विजेंद्र सिंह, भागीरथमल, सुभाष चंद्र, हरफूल सिंह, अनीता महला, सरोज, सुमन, मीरा, शारदा शर्मा, निशा, मंजू, राखी, रिंकू, राजकुमारी, अमित कुमार, महेंद्र कुमार, आर्यन, फूलचंद सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने चयनित छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इस सफलता को निरंतर बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया।

## केसरी के सपूत विक्रमसिंह मीणा बने एसडीएम: संघर्ष की तपिश से गढ़ी सफलता की कहानी

### अभावों से उठकर प्रशासनिक सेवा तक पहुंची प्रेरक यात्रा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल ।** उपखंड क्षेत्र के गाँव केसरी की साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर विक्रमसिंह मीणा ने उपखंड अधिकारी (एसडीएम) के पद पर चयनित होकर यह सिद्ध कर दिया कि कठिन परिस्थितियां केवल परीक्षा लेती हैं, हार नहीं मानने वालों को मंजिल जरूर देती हैं। यह उपलब्धि केवल एक चयन नहीं, बल्कि संघर्ष, त्याग और परिवार के अटूट विश्वास की वह कहानी है, जिसने पूरे क्षेत्र को भावुक भी किया और गौरवान्वित भी। विक्रमसिंह का जीवन शुरू से ही संघर्षों की परतों में ढका रहा। वर्ष 2008 में पिता सुरेश चंद मीणा और वर्ष 2010 में माता बत्तन देवी के निधन ने बचपन में ही उन्हें जीवन की कठोर सच्चाइयों से परिचित करा दिया। इसके बाद दादा-दादी के साए में उनका पालन-पोषण हुआ, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षा के प्रति उनका हौसला



बनाए रखा। वर्ष 2018 में दादा-दादी के निधन के बाद भी परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण रहीं, लेकिन बड़े भाई राहुल मीणा ने संबल बनकर हर मोड़ पर साथ दिया और उनके संकल्प को कभी कमजोर नहीं पड़ने दिया। महवा के निजी विद्यालय से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त कर विक्रम ने जयपुर के सुबोध कॉलेज से स्नातक किया और इसके बाद लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रयासरत रहे। पटवारी पद पर चयनित होने के बावजूद उन्होंने बड़े लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए उसे ज्वाइन नहीं किया। इसके बाद ग्राम विकास अधिकारी के रूप में बड़ीन कमालपुर ग्राम पंचायत में अल्पकालीन सेवा दी और फिर थर्ड ग्रेड शिक्षक के रूप में मान्यापुरा के सरकारी विद्यालय में कार्यरत रहते हुए भी अपने सपनों को जीवित रखा। निरंतर परिश्रम व दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर अंततः उन्होंने एसडीएम जैसे प्रतिष्ठित पद को हासिल कर लिया। जैसे ही यह खबर केसरी गाँव और आसपास के क्षेत्र में पहुंची, पूरे इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया, वहीं बुजुर्गों ने इसे गाँव के इतिहास का गौरवपूर्ण क्षण बताया। लोगों ने भावुक होकर कहा कि विक्रम ने साबित कर दिया कि संसाधनों की कमी कभी भी सफलता की राह में बाधा नहीं बनती। विक्रमसिंह मीणा ने अपनी सफलता को माता-पिता, गुरुजनों और परिवार के आशीर्वाद का परिणाम बताते हुए युवाओं को संदेश दिया कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, यदि इरादे मजबूत हों तो मंजिल अवश्य मिलती है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, समाज के प्रबुद्धजनों और शुभचिंतकों द्वारा लगातार बधाइयां दी जा रही हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह और गौरव का माहौल बना हुआ है।





# संतरे के छिलके से फेस पैक कैसे बनाएं? लगाने से बढ़ जाएगा आपकी त्वचा का निखार

क्या आपको भी यही लगता है कि संतरे के छिलके किसी काम के नहीं होते हैं? अगर हां, तो आपको अपनी इस गलतफहमी को जल्द से जल्द दूर कर लेना चाहिए क्योंकि पोषक तत्वों से भरपूर संतरे के छिलके आपकी त्वचा के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकते हैं। अगर आप अपनी स्किन को ग्लोइंग बनाना चाहते हैं, तो आपको भी संतरे के छिलकों से फेस पैक बनाना चाहिए और इस फेस पैक को एक हफ्ते में 1-2 बार यूज करना चाहिए।

### कैसे बनाएं फेस पैक-

सबसे पहले आपको संतरे के छिलकों को धूप में रख देना है जिससे सारे छिलके अच्छी तरह से सूख जाएं। अब सूखे संतरे के छिलकों को मिक्सर में डालिए और पीसकर एक बारीक पाउडर तैयार कर लीजिए। अब एक कटोरी में संतरे के छिलकों का पाउडर, शहद और दही निकाल लीजिए। आपको इन तीनों नेचुरल चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करके एक स्मूद पेस्ट तैयार कर लेना है।

### इस्तेमाल करने का तरीका-

आपको इस पेस्ट को फेस पैक की तरह अपने पूरे चेहरे पर और गर्दन वाले हिस्से पर अप्लाई कर लेना है। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए लगभग 15 मिनट तक इस फेस पैक को अपनी त्वचा पर लगाए रखिए। 15 मिनट के बाद आप फेस वॉश कर सकते हैं। हालांकि, इस फेस पैक को अपने पूरे चेहरे पर अप्लाई करने से पहले आपको पैच टेस्ट करना नहीं भूलना चाहिए।

### त्वचा के लिए वरदान-

संतरे के छिलके से बना फेस पैक आपकी त्वचा की सेहत के लिए वरदान साबित हो सकता है। ग्लोइंग स्किन के लिए इस तरह से संतरे के छिलकों का इस्तेमाल किया जा सकता है। डल स्किन की ब्राइटनिंग के लिए या फिर टैनिंग से छुटकारा पाने के लिए भी इस फेस पैक को यूज करके देखा जा सकता है। इतना ही नहीं, इस फेस पैक में मौजूद तत्व स्किन को टाइट बनाए रखने में भी मदद कर सकते हैं।

# घर में अंगूर का जूस बनाने का आसान तरीका



खट्टे मीठी और रसीले अंगूर खाने में बहुत टेस्टी लगते हैं। ऐसा शायद ही कोई हो जिसे अंगूर का स्वाद पसंद न हो। अगर आपको अंगूर खाना पसंद है तो अंगूर का जूस भी पसंद आएगा। घर में मिक्सी में आसानी से अंगूर का जूस निकाल सकते हैं। ताजा अंगूर का जूस पीते ही शरीर को एनर्जी मिलेगी और आप एकदम फ्रेश फील करेंगे। अंगूर का जूस निकालना बहुत आसान है। कुछ मिनटों में ही 2 गिलास भरकर अंगूर का जूस निकाल सकते हैं। आइये जानते हैं घर में अंगूर का जूस निकालने का आसान तरीका क्या है?

मिक्सी में अंगूर का जूस कैसे निकालें?

पहला स्टेप-

अंगूर का जूस बनाने के लिए आप ताजा और मीठे अंगूर ले लें। करीब 250 ग्राम अंगूर से 2 गिलास जूस बन जाता है। अंगूर को अच्छी तरह से धोकर साफ कर लें। अंगूर का जूस बनाने के लिए आप 2 बड़े आइस क्यूब ले लें। 1 गिलास पानी और काला नमक, 2 चम्मच चीनी ले लें।


दूसरा स्टेप-

अब धुले हुए अंगूर, चीनी और पानी डालकर अंगूर को बारीक पीस लें। अंगूर को जितना ज्यादा पीसेंगे उतना ही रस अच्छा निकलेगा। अब किसी मोटी छन्नी में डालकर सारा जूस छानकर निकाल लें। अगर अंगूर का पल्प ज्यादा बचा हो तो एक बार मिक्सी में इसे और चला दें और छान लें।

तीसरा स्टेप-

सर्व करने वाले गिलास में आइस क्यूब डालें। अब अंगूर के जूस में थोड़ा काला नमक मिला दें। सर्विंग गिलास में जूस डालें और ठंडा-ठंडा ताजा घर पर बना अंगूर का जूस बच्चों को पिलाएं। मेहमानों के लिए इससे अच्छा ड्रिंक कोई नहीं है। आप इस तरह रोज अंगूर का जूस निकालकर पी सकते हैं।

अंगूर का स्वाद अपने आप में ही काफी मीठा होता है। जो लोग ज्यादा चीनी नहीं खाना चाहते हैं वो इसमें चीनी स्किप कर लें। हालांकि पानी डालने की वजह से अंगूर का जूस थोड़ा फीका लगता है। इसलिए आप मिठास के लिए चीनी मिला लें।



# बढ़ने लगा है सूरज का पारा, जानें गर्मी में अपनी स्किन को झुलसने से कैसे बचाएं?

### सनबर्न से स्किन को कैसे बचाएं

गर्मी बढ़ने पर तेज धूप और गर्म हवाएँ स्किन को टैन, ड्राय और झुलसा सकती हैं। सही देखभाल से आप अपनी त्वचा को सुरक्षित रख सकते हैं।

### सनबर्न से स्किन को कैसे बचाएं

मार्च की शुरुआत होते ही गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। बढ़ते तापमान और तेज धूप का सबसे ज़्यादा असर हमारी त्वचा पर पड़ता है। गर्म हवाओं और धूप के कारण स्किन टैन, ड्राय और बेजान होने लगती है। ऐसे में इस मौसम में त्वचा की सही देखभाल करना बेहद ज़रूरी हो जाता है। आइए जानते हैं कि गर्मियों में अपनी स्किन को स्वस्थ और सुरक्षित रखने के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

### गर्मियों में ऐसे रखें स्किन का ख्याल

### सनस्क्रीन रोज लगाएं:

बाहर निकलने से 15-20 मिनट पहले अपने चेहरे पर सनस्क्रीन लगाएँ। अगर आप बाहर नहीं जा रहे हैं तब भी सनस्क्रीन लगाना न भूलें। स्क्र्न 50 या उससे अधिक वाला सनस्क्रीन का ही इस्तेमाल करें। अगर आपको बहुत ज्यादा पसीना आता है या आप धूप में बहुत ज्यादा रहते हैं तो हर 2, 3 घंटे में सनस्क्रीन लगाएँ।

### धूप में जानें से बचें:

गर्मियों के मौसम में अपने स्किन का बसाहव करने के लिए ज़रूरी है कि आप दोपहर 11 बजे से 4 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें। इस समय धूप बहुत तेज होती है जो आपके स्किन को नुकसान पहुंचा सकती है। अगर आपको इस समय निकलना भी पड़ रहा है तो आप छाता, सनग्लासेस और कैप का इस्तेमाल करें।

### हल्के और ढीले कपड़े पहनें:

इस मौसम में आपकी स्किन पर कोई रैश न आए इसलिए कॉटन जैसे हल्के फैब्रिक के कपड़े पहनें ताकि त्वचा को हवा मिलती रहे। हल्के रंग के कपड़े धूप को कम सोखते हैं।

### शरीर को हाइड्रेट रखें:

आपकी स्किन गर्मियों में भी नेचुरली ग्लो करे इसलिए दिन भर में खूब पानी पिएँ। पानी के अलावा आप, नारियल पानी, छाछ और फलों के जूस का भी सेवन करें। साथ ही अपनी त्वचा पर एलोवेरा जेल या गुलाब जल का इस्तेमाल करें इससे आपकी स्किन को ठंडक मिलेगी। ठंडे पानी से चेहरा धोते रहें ताकि धूल और पसीना साफ होता रहे।

### मेकअप कम से कम करें:

गर्मियों में भारी क्रीम, हेवी मेकअप या ऑयली प्रोडक्ट कम इस्तेमाल करें। आप अपनी त्वचा पर जेल-बेस्ड मॉइश्चराइज़र बेहतर रहते हैं। बाहर से आने के बाद ठंडे पानी से चेहरा धोकर एलोवेरा जेल लगाना सनबर्न से राहत दे सकता है।

# मीठे पानी वाले नारियल की पहचान कैसे करें?



### कोकोनट का रंग देखते ही चल जाएगा पता, खरीदते वक्त किन टिप्स को फॉलो करें

क्या आप भी नारियल खरीदते समय पता नहीं लगा पाते हैं कि कौन से नारियल में मीठा पानी होगा? अगर हां, तो कुछ टिप्स आपके काफी काम आ सकती हैं।

### मीठे पानी वाले नारियल

नारियल का पानी सेहत को चौतरफा लाभ पहुंचा सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स अक्सर पोषक तत्वों से भरपूर नारियल का पानी पीने की सलाह देते हैं। लेकिन नारियल का पानी पीने का मजा तभी आता है, जब नारियल का पानी मीठा हो। कई लोगों को मीठे पानी वाले नारियल की पहचान करना नहीं आता है। आज हम आपको कुछ ऐसे हैक्स के बारे में बताने वाले हैं, जिनकी मदद से आप आसानी से मीठे पानी वाले नारियल को चुन पाएंगे।

### नारियल का रंग-

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि गहरे हरे रंग के या फिर हल्के पीले रंग के नारियल सबसे अच्छे होते हैं। बहुत ज्यादा ब्राउन या फिर दाग-धब्बे वाले नारियल खरीदने से बचिए। इस तरह के नारियल पुराने हो सकते हैं। नारियल को खरीदने से पहले इसे कान के पास हिलाकर जरूर देखें। अगर आपको पानी के छलकने की आवाज सुनाई दे रही है, तो समझ जाइए कि नारियल पानी से भरा है।

### गौर करने वाली बात-

नारियल के ऊपर तीन निशान होते हैं। इन्हें नारियल की आंखें भी कहते हैं। आपको इन आंखों को छूकर और दबाकर देखना है। अगर नारियल की आंखें नमी वाली या फिर थोड़ी सी नरम महसूस हो रही हों, तो इसका मतलब ये है कि नारियल में मीठा पानी ज्यादा है। आप ऐसे नारियल को चूज कर सकते हैं।

### आकार और वजन-

आप आकार से भी अच्छे नारियल की पहचान कर सकते हैं। गोल आकार के बजाय थोड़े कोनिकल आकार वाले नारियल को चुनें। माना जाता है कि इस आकार वाले नारियल में मलाई कम और पानी ज्यादा होने की संभावना होती है। इसके अलावा आप नारियल को खरीदने से पहले उसका वजन भी चेक कर लीजिए। आपको हमेशा भारी नारियल चूज करना चाहिए। दरअसल, अगर नारियल का वजन हल्का लग रहा है, तो हो सकता है कि नारियल के अंदर का पानी सूख चुका है।

# सोने से पहले इस तेल से करें चेहरे की मालिश, दूर होंगी स्किन से जुड़ी कई परेशानियां, मिलेगा नेचुरल निखार

**अगर सोने से पहले चेहरे पर इस तेल से हल्की मालिश की जाए, तो इससे त्वचा की ड्राईनेस, डलनेस और झुर्रियां जैसी कई समस्याओं को कम करने में मदद मिल सकती है।**



### चेहरे की मालिश

दिनभर की धूल-मिट्टी, प्रदूषण और तनाव का असर सबसे पहले हमारी त्वचा पर दिखाई देता है। ऐसे में अगर रात को सोने से पहले चेहरे की सही तरीके से देखभाल की जाए, तो स्किन लंबे समय तक हेल्दी और ग्लोइंग बनी रह सकती है। नारियल तेल त्वचा की देखभाल के लिए एक बेहतरीन प्राकृतिक उपाय माना जाता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट, फैटी एसिड और मॉइस्चराइजिंग गुण त्वचा को गहराई से पोषण देने में मदद करते हैं। चलिए जानते हैं नारियल तेल से स्किन का मसाज करने से कौन से फायदे मिलते हैं?

सोने से पहले नारियल तेल लगाने से स्किन को मिलेंगे कौन से फायदे?

### गहराई से मॉइस्चराइजेशन:

नारियल तेल एक बेहतरीन नेचुरल मॉइस्चराइजर है। रात को सोने से पहले यह तेल लगाने से यह रातभर स्किन को हाइड्रेटेड रखता है और रूखेपन को दूर करता है।

### नेचुरल निखार:

नारियल तेल मृत त्वचा को हटाकर रंग निखारता है और त्वचा में नमी बनाए रखता है। रोज रात को सोने से पहले अपने चेहरे पर नारियल का तेल लगाएं। इससे स्किन पर शानदार ग्लो आ जाता है।

### मुंहासों से बचाव:

नारियल तेल में लॉरिक एसिड जैसे एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण होते हैं, मुंहासे पैदा करने वाले कीटाणुओं से लड़ने और त्वचा को मॉइस्चराइज करने में मदद कर सकता है। यह झुर्रियों और सूखेपन को कम कर सकता है।

### डार्क स्पॉट के लिए:

रात को सोने से पहले फेस को अच्छी तरह धो लें और फिर तेल को हथेली पर लगा कर दाग-धब्बों पर मलें। इसके बाद चेहरे पर मालिश करें और रात भर के लिए छोड़ दें। ऐसा करने पर डार्क स्पॉट दूर हो जाएंगे और त्वचा में कसाव आने लगे हैं। रोजाना रात को इस तरह नारियल के तेल से मालिश करने से इसका असर कुछ ही दिन में दिखने लगेगा क्योंकि त्वचा मे खून का संचार बेहतर तरीके से होने लगता है।

# खैरथल के मातोर गांव में युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग, गंभीर रूप से घायल




**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** खैरथल जिले के मातोर गांव में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई जब बदमाशों ने एक युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में वीरेंद्र राजपूत निवासी सुखमनहेड़ी खैरथल को गोली लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए। घायल युवक को तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे अलवर रेफर कर दिया। किशनगढ़ बॉस डीएसपी लाल सिंह ने बताया कि फोन के जरिये सूचना मिली की खैरथल जिले के मातोर गांव में बदमाशों ने युवक को गोली मार दी है। जिस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आनन फानन जिले में नाकेबंदी कराई। मौके पर वीरेंद्र राजपूत नाम के युवक को गोली मारी गई है। हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आसपास के रास्तों पर नाकेबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू कर दी है ताकि आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# असमय बारिश से फसल खराबे पर आयोग का स्वतः संज्ञान, मुख्य सचिव को भेजा पत्र

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, झुंझुनूं के अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने प्रदेश में हाल ही में हुई असमय वर्षा एवं ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान के मामलों में स्वतः संज्ञान लिया है। इस संबंध में उन्होंने राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर सभी जिलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश जिला कलक्टर को देकर उपभोक्ता संरक्षण करवाने के लिए त्वरित व सकारात्मक व्यक्तिगत सदप्रयास करने का आग्रह किया है।

मील ने पत्र में उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) के प्रावधानों के बावजूद कई स्थानों पर फसल नुकसान की सूचना, सर्वे एवं दावा निस्तारण की प्रक्रिया में देरी हो रही है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और उपभोक्ता विवादों की स्थिति उत्पन्न हो रही है। जिससे न्याय व्यवस्था पर मुकदमों का भार आता है और पीड़ित किसानों को अनावश्यक रूप से कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाने पड़ते है। उन्होंने मुख्य सचिव से प्रदेश के सभी जिलों में राजस्व, कृषि विभाग एवं बीमा कंपनियों के संयुक्त समन्वय से तत्काल विशेष गिरदावरी एवं फसल क्षति सर्वे करवाने के निर्देश जारी करने का आग्रह किया है। साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा के प्रावधानों के अनुसार 72 घंटे के भीतर बीमा कंपनियों को फसल नुकसान की सूचना देने के नियम का ग्राम स्तर तक व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने एवं पीड़ित किसानों के प्रार्थना पत्रों का संकलन करवाने पर जोर दिया है। पत्र में यह भी कहा गया है कि बीमा कंपनियों द्वारा प्राप्त सूचनाओं पर तुरंत व्यक्तिगत क्षति आकलन शुरू किया जाए तथा दावा निस्तारण की प्रक्रिया को समयबद्ध बनाया जाए। जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त कर पूरे प्रकरण की मॉनिटरिंग करने और किसानों को मुआवजा मिलने तक निरंतर फॉलोअप रखने की भी आवश्यकता जताई गई है। मील ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जियो-टैग्ड फोटो, मोबाइल ऐप एवं अन्य डिजिटल माध्यमों के उपयोग को अनिवार्य करने की बात कही है। साथ ही फसल कटाई के बाद खेत में रखी फसलों के नुकसान को भी बीमा दायरे में लेकर प्राथमिकता से दावे निपटाने पर जोर दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि समयबद्ध कार्रवाई नहीं होती है तो इससे उपभोक्ता आयोगों पर अनावश्यक परिवादों का भार बढ़ेगा, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभागों और बीमा कंपनियों पर निर्धारित होने के संबंधित निर्देश जारी किए जाने को उचित व न्यायोचित बताते हुए राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव से इस संबंध में तत्काल प्रभाव से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया है, ताकि किसानों को समय पर राहत मिल सके।

# महावीर नगर की महिलाओ ने नाचते गाते निकाली गणगौर माता की तेल बिंदौरी



**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर**

**मनोज खंडेलवाल ।** मंडावर शहर के महावीर नगर में गणगौर पर्व की पारंपरिक आस्था और उत्साह शुक्रवार को उस समय चरम पर दिखाई दिया, जब कॉलोनी की महिलाओं ने पूरे विधि-विधान और उत्सवी माहौल के बीच गणगौर की तेल बिंदौरी निकाली। सजी-धजी इसर-गौरा की झांकी मानो 'सांझ ढले साजन की राह निहारे, गणगौर में सजी हर नारी प्यारी' की कहावत को साकार कर रही थी। महिलाओं ने बताया कि तेल बिंदौरी की शुरुआत महावीर नगर से हुई, जहां इसर-गौरा को आकर्षक वेशभूषा और पारंपरिक आभूषणों से सजाया गया, इसके बाद यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए गांधी चौक पहुंची। पूरे रास्ते डीजे पर बजते गणगौर गीतों पर महिलाएं और युवतियां झूमती रहीं, जिससे वातावरण में उल्लास और लोक संस्कृति की छटा बिखरती रही। बाजार में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा शीतल पेय के साथ महिलाओं का स्वागत किया गया, जिससे सामाजिक सौहार्द और पारंपरिक अपनत्व की झलक देखने को मिली। यह तेल बिंदौरी पुनः महावीर नगर पहुंची, जहां इसर-गौरा की सवारी को विधिवत उतारा गया। शनिवार को सभी महिलाएं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजन करेंगी, जिससे 'गणगौर पूजे सदा सुहाग, हर घर में खुशियों का अनुराग' की मान्यता को निभाया जाएगा। इस आयोजन में स्नेहलता झालानी, दीपिका मारवाड़ी, आशा मित्तल, नूतन जैन, अर्चना जैन, वर्षा जैन सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां मौजूद रहीं।

# डीपीडीओ व स्पर्श सेवा केंद्र नए परिसर में स्थानांतरित, 23 मार्च से होगा संचालन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

रक्षा पेंशन वितरण अधिकारी कार्यालय (डीपीडीओ) एवं स्पर्श सेवा केंद्र को शहीद मेहर सिंह मार्ग, रोड नंबर 2 स्थित मकान नंबर 76 में स्थानांतरित कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए संबंधित अधिकारियों ने बताया कि पूर्व सैनिकों, पारिवारिक पेंशनभोगियों एवं अन्य हितधारकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कार्यालय को नए एवं सुव्यवस्थित परिसर में शिफ्ट किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि डीपीडीओ एवं स्पर्श सेवा केंद्र का नियमित संचालन 23 मार्च से नए परिसर में प्रारंभ होगा। नए स्थान पर सेवाएं अधिक सुगम, सुलभ और व्यवस्थित रूप में प्रदान की जाएंगी, जिससे पूर्व सैनिक समुदाय को लाभ मिलेगा।

कार्यालय ने इस स्थानांतरण के दौरान होने वाली किसी भी अस्थायी असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है। साथ ही यह भी बताया गया कि यह बदलाव पूर्व सैनिकों के लिए अधिक अनुकूल और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सम्पर्क के लिए दूरभाष नंबर 01592-236591 एवं ईमेल जारी किए गए हैं। पूर्व सैनिकों एवं संबंधित लाभार्थियों से आग्रह किया गया है कि वे 23 मार्च से अपनी आवश्यक सेवाओं के लिए नए पते पर संपर्क करें। का आग्रह किया है, ताकि किसानों को समय पर राहत मिल सके।

# चेटीचंड महोत्सव; गाजे-बाजे के साथ निकाली शोभायात्रा, नाचीं महिलाएं

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**सीकर ।** शेखपुरा स्थित श्री झूलेलाल साईं मंदिर में सिंधी समाज की ओर से चेटीचंड पर्व बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया।महोत्सव के तहत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 12 बजे ज्योत प्रज्वलन से हुई, इसके बाद दोपहर 1 बजे भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम 4 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा में भगवान झूलेलाल के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। जगह-जगह सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। समाज की महिला उपाध्यक्ष ज्योति तनवानी ने बताया कि आयोजन संत महेश लाल साईं व समाज अध्यक्ष नरेश नारवानी के सानिध्य में सम्पन्न हुआ।

# समाधान शिविर निपटान में फतेहाबाद बना प्रदेश में नंबर वन

### प्रधान सचिव राजीव रंजन ने डीसी डॉ. विवेक भारती को दी बधाई

### डीसी ने लंबित शिकायतों को 15 दिन में निपटाने के दिए निर्देश

## समाधान प्रकोष्ठ पर 2024 में आई शिकायत नहीं कोई लंबित, प्रशासन की कार्यशैली बनी अन्य जिलों के लिए अनुकरणीय

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निपटान में फतेहाबाद जिला पूरे प्रदेश में अव्वल स्थान पर रहा है। हरियाणा सरकार में श्रम विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन ने शुक्रवार को आयोजित समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक में इस उपलब्धि पर डीसी डॉ. विवेक भारती और जिला प्रशासन की कुशल प्रशासनिक कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। प्रधान सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा करते हुए कहा कि फतेहाबाद जिला प्रशासन समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेकर उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित कर रहा है, जो अन्य जिलों के लिए भी एक उदाहरण व अनुकरणीय कदम है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर वर्ष 2024 की कोई भी शिकायत जिला में लंबित नहीं है, जो प्रशासन की प्रतिबद्धता और कार्यक्षमता को दर्शाता है। साथ ही उन्होंने सभी लंबित मामलों के शीघ्र निपटान के निर्देश भी दिए। डीसी डॉ. विवेक भारती ने बैठक में सभी विभागाध्यक्षों को कहा किए यह टीम भावना का ही उदाहरण है कि जिला जनसेवा को समर्पित कार्यों को प्रभावी ढंग से कर रहा है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 की सभी लंबित शिकायतों का आगामी 15 दिनों के अंदर निपटान सुनिश्चित कर उसकी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को भेजी जाए। डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि जिन शिकायतों को खारिज किया गया है, उनकी कारण सहित विस्तृत रिपोर्ट दो दिन में प्रस्तुत की जाए, ताकि प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को एसएमजीटी पोर्टल, सीपी ग्राम और सीएम विंडो पर दर्ज शिकायतों के निपटान को भी सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

**यह रहे मौजूद :**

बैठक में एसडीएम राजेश कुमार, जिला परिषद सीईओ सुरेश कुमार, डीएसपी कुलवंत सिंह, पंचायती राज के एक्सईएन देवेन्द्र सिंह, जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन बलविंदर नैन, एक्सईन संजीव सहारण, लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन राहुल चहल, डीडीए राजेश सिहाग, डीईओ संगीता बिश्नोई, डीआईओ सिकंदर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहें।

# दिव्यांगजनों को बैटरी चालित मोटरयुक्त त्रिचक्र वाहन का वितरण



**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, जयपुर की ओर से शुक्रवार को अंबेडकर भवन में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, राजस्थान राज्य कार्यालय जयपुर की निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजना के अंतर्गत, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग झुंझुनूं के सहयोग से बैटरी चालित मोटरयुक्त त्रिचक्र वाहन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में जिलेभर के 90 दिव्यांगजनों को बैटरी चालित मोटरयुक्त त्रिचक्र वाहन वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भाम्बू तथा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, राजस्थान राज्य कार्यालय जयपुर से कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख मनोज गुप्ता उपस्थित रहें। इस अवसर पर निगम के मुख्य महाप्रबंधक आशीष कुमार, उप महाप्रबंधक मालबिका दास, वरिष्ठ प्रबंधक सी.एल. मीना, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ. पवन पुनिया, परिवीक्षा अधिकारी पवन कुमार वर्मा, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी कृष्ण कुमार यादव, कनिष्ठ लेखाकार नेहा झाझड़ियां, छात्रावास अधीक्षक सत्यवीर सीगड़, प्रभुदयाल, विकास कुमार, वरिष्ठ सहायक राजेंद्र कुमार धवल सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। साथ ही भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, जयपुर की ओर से प्रभारी हरीश कुमार, ललित कुमार, सागर मोरवाल एवं अवनीश भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा लगभग 60 लाख रुपये की सीएसआर निधि उपलब्ध करवाई गई, जिसके माध्यम से दिव्यांगजनों को बैटरी चालित मोटरयुक्त त्रिचक्र वाहन से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विजय हिन्द जालिमपूरा ने किया।

# भव्य रूप से मनाया गया हिन्दू नव वर्ष, 101 दीपकों से सजा उत्सव



**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट द्वारा हिन्दू नव वर्ष का उत्सव बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री लक्ष्मी नाथ पाठशाला कार्यालय में किया गया, जिसमें ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। झुंझुनूं प्रभारी मनोज कुमार गनोंलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि हिन्दू नव वर्ष के पावन अवसर पर ट्रस्ट कार्यालय में 101 घी के दीपक प्रज्वलित किए गए, जिससे पूरा वातावरण दीपमय एवं आध्यात्मिक बन गया। इस अवसर पर ट्रस्ट से जुड़ी बालिकाओं ने आकर्षक एवं रंग-बिरंगी रंगोलियां बनाकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान को प्रसाद का भोग लगाकर की गई। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने हिन्दू नव वर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में सकारात्मक ऊर्जा, संस्कार एवं नई शुरुआत का संदेश दिया। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं और सामाजिक सेवा कार्यों को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर सीताराम घोटड़, सुरेश सीमार, नरोत्तम दुलगच, प्रदीप दुलगच, ग्यारसी कुमारी, सबल, विनाराणी, समीर गनोलिया, फैमियश, किरण दुलगच, सिया कुमारी, स्नेहा, वंशिका, आराध्या सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल भक्तिमय, उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायक रहा।

# श्री ऋषिकुल बी.एड. कॉलेज में राजस्थान दिवस एवं नव संवत्सर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



श्री ऋषिकुल बी.एड. कॉलेज में राजस्थान दिवस एवं नव संवत्सर के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पारंपरिक गणगौर पूजन का विशेष कार्यक्रम भी हुआ जिसमें समस्त प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने घूमर नृत्य, गणगौर गीत एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं।इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. रेखा शर्मा, सहायक प्राध्यापिका मंजू तिवारी, डॉ. मीना रोहिल, डॉ. डिम्पल व्यास, बनवारी लाल मील पीटीआई सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था। संचालन बी.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा अध्यापिका प्रियंका शर्मा ने किया।

# दीपदान कर उल्लास के साथ मनाया गया नवसंवत्सर पर्व , युवाओं ने नशा मुक्ति का लिया संकल्प



**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** कस्बे की प्राचीन संस्था सर्व हितैषी व्यायाम शाला मे आज दीपदान ओर धार्मिक कार्यक्रमो के साथ विधिवत पूजा कर नवसंवत्सर पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में व्यायाम शाला मे स्थित हनुमान मंदिर में मुख्य पुजारी दयाराम भाटीवाडा के सानिध्य में विधिवत पूजा अर्चना के बाद मंदिर परिसर में दीप प्रज्ज्वलित किया। इस अवसर पर संस्था सचिव पीताम्बर मिश्रा बालकिशन भाटीवाडा पूर्व पालिकाध्यक्ष नरेश सोनी सुरेश पालड़ीवाला परमेश्वर चेजारा नरेश मिश्रा के नेतृत्व में 1100 दीप प्रज्ज्वलित कर ढोल ताशे बजाकर नवसंवतसर का स्वागत किया। इस अवसर पर नरेश मिश्रा ने भारतीय संस्कृति के आध्यात्मिक, ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को भारतीय संस्कृति से जुड़े रहने के साथ साथ नशामुक्त रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर एक दूसरे को तिलकार्चन कर खुशियां मनाई गई ओर प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य पुजारी दयाराम भाटीवाडा, पीताम्बर मिश्रा, बालकिशन भाटीवाडा, पूर्व पालिकाध्यक्ष नरेश सोनी,सुरेश पालड़ीवाला परमेश्वर चेजारा, पंकज पालड़ीवाला, नरेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, बाबूलाल सैनी, चंद्रप्रकाश सेन, सत्यनारायण इंदौरिया, रविन्द्र शर्मा, किशोर सिंह चौहान, पवन कुमार, संदीप शर्मा, नवनीत शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


# शाम को हुई अचानक बारिश के साथ गिरे बेर के आकार के ओले

## ढीगाल तिराहे, सुभाष चौक, फतेहपुर रोड़, बिसाऊ चौराहे पर पानी का हुआ भराव,आवागमन बाधित

### जगह जगह सड़के जलमग्न, यातायात प्रभावित

### शहर में पानी निकासी का इंतजाम नहीं होने से बढ़ी परेशानी

### सड़को पर बने गड्ढे वाहन चालकों ओर राहगीरों के लिए बने मुसीबत



**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में दो दिन से हुई बरसात लोगो के लिए परेशानी का कारण बन गई। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में झमाझम बारिश होने से मौसम खुशनुमा हो गया। तेज हवाओं के साथ हुई बरसात से किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीर देखने को मिली। खेतों में पक्की हुई फसल खराब होने संभावना से चिंता दिखाई देने लगी है। वर्तमान में फसलों की कटाई चल रही है। तेज हवाओं के साथ हुई बरसात से ढीगाल तिराहे, सुभाष चौक, फतेहपुर रोड़, बिसाऊ चौराहे पर पानी का भराव हो गया जिससे आवागमन बाधित। सड़के जलमग्न हो गई। कस्बे में पानी की समुचित निकासी व्यवस्था नहीं होने से सड़के लबालब हो गई। सड़के पर पानी का भराव हो जाने से आवागमन में काफी दिक्कतें हो गई। कस्बे की नालियां साफ सफाई के अभाव में परेशानी बढ़ा रही हैं। नालियों का पानी सड़कों पर जमा हो जाने से राहगीरों को काफी दिक्कत उठानी पड़ रही है।

इस बारिश से शहर की सड़कों पर जगह-जगह लबालब पानी भर गया था। निकासी ओर सफाई व्यवस्था नहीं होने से सड़के जलमग्न हो गई। जल भराव के कारण आवागमन बाधित हुआ और लोगों को आवागमन में भी काफी परेशानी उठानी पड़ी। कस्बे में निकासी व्यवस्था नहीं होने पर जगह जगह बरसाती पानी का भराव हो गया जिससे लोगो को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बारिश होने के बाद सड़कों पर चारों ओर पानी पानी हो गया। स्थानीय प्रशासन ने पंप के सहारे पानी निकालने का प्रयास शुरू कर दिए।

### मौसम का बदला मिजाज ,बेर के आकार के गिरे ओले

कस्बे में आज दो दिन से हो रही बेमौसम बारिश से हाल बेहाल हो रहा था। आज दिन में धूप निकलने के बाद शाम को एकाएक मौसम ने करवट बदलते हुए हवाओं के साथ ओलो की बरसात हुई। करीब 10 मिनट में बेर के आकार के ओले रुक रुककर आते रहे। तेज बारिश के बाद सड़के पानी के भराव के बाद दरिया बन गई। अचानक ओले गिरने से किसानों के चेहरों पर भी सिकन दिखाई दी। किसान रविन्द्र ने बताया कि पक्की ओर कटी हुई फसलों पर ओले गिरने से नुकसान हो सकता है।

# जाजोदिया बगीची में मातृशक्ति ने मनाया सिंजारा उत्सव



**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

मंगल गोत्री जाजोदिया बगीची में शुक्रवार को श्री राजल बिंदल दादीजी का गणगौर के पावन पर्व पर सिंजारा उत्सव मनाया गया। यह जानकारी देते हुए श्रीमती सरिता सुशील जाजोदिया ने बताया कि समस्त मंगल गोत्री जाजोदिया परिवार की मातृशक्ति द्वारा हर माह की अमावस्या पर किया जाने वाला दादीजी की मंगल महिमा का गान हुआ। तत्पश्चात सिंजारा उत्सव मनाया गया जिसमें मातृ शक्ति द्वारा लोकगीतों एवं भजनों पर नृत्य की प्रस्तुति देकर दादीजी को रिझाया गया। इस अवसर पर दादीजी के जीवन से जुड़े प्रश्नों पर प्रश्नोत्तरी कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के समापन पर मातृशक्ति को दादीजी के आशीर्वाद स्वरूप उपहार एवं प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान उपस्थित दादी भक्तों ने श्रद्धा भाव के साथ दादीजी को गजरा और चुनड़ी अर्पित की।

# लक्ष्मनगढ में विशाल भगवा रैली 25 मार्च को



भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

रामनवमी की पूर्व संध्या पर लक्ष्मनगढ में विशाल भगवा रैली 25 मार्च को आयोजित होगी। रैली की तैयारीयों, व्यवस्थाओं व जिम्मेदारी निर्धारण को लेकर यहां रामलीला मैदान के पास स्थित पुजारी भवन में शुक्रवार को भगवा रक्षा वाहिनी की मीटिंग आयोजित हुई।भगवा रैली संयोजक जयशंकर पुजारी ने बताया कि 25 मार्च को विशाल भगवा रैली के लिए पवन गोयनका व गिरधारी लाल जाजोदिया सानिध्य में मीटिंग आयोजित जिसमें वार्ड नंबर 32 के भगवा रैली के संयोजक नितेश गौतम एवं विकास सैनी को नियुक्त किया गया । जबकि विक्रम सैनी हिमांशु सैनी मयंक सैनी आलोक बिजारणिया मोहित हर्षित को वार्ड नंबर 32 की अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई । उन्होंने बताया कि मीटिंग में भगवा रक्षा वाहिनी उपाध्यक्ष राजेश जोशी सुरेश बीबीपुरिया निखिल शर्मा वशिष्ट नवीन बोचीवाल हिमांशु चोटिया महेश सेन राकेश सेन वीरेंद्र भार्गव राज जोशी सर्व ब्राह्मण महासभा महामंत्री विष्णु कुदाल अंकित जोशी चिराग पुजारी आदि उपस्थित रहे ।

# नीमराना में बकरी चोरी का मामला, 13 बकरियों का हुआ नुकसान

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।

**रमेशचंद** । नीमराना उपखंड के गांव नाघोड़ी में कृष्ण पुत्र राम अवतार और उनके भाई रामपाल की कुल 13 बकरियां चोरी हो गईं। घटना ब्रहसपतिवार रात एक से दो बजे के मध्य की है, जब चोरों ने उनके श्मशान के पास स्थित मकान के दरवाजे को बाहर से रस्सी से बांधकर उन्हें बंधक बना लिया और बकरियों को चोरी कर ले गए। मकान मालिक कृष्ण ने बताया कि उनकी 10 बकरियां और भाई रामपाल की 3 बकरियां चोरी हुई हैं। सुबह छः बजे जब वे उठे तो देखा कि बकरियां गायब हैं और दरवाजा बाहर से बंधा हुआ है। उन्होंने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने गांव में पहुंचकर जांच शुरू की और गांव में आस-पास लगे सी.सी.टीवी फुटेज भी चैक किए, लेकिन अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।



# व्यापारिक सुरक्षा को लेकर एसपी की बड़ी पहल : जिले के प्रमुख व्यापारियों व होटल संचालकों संग सुरक्षा समन्वय बैठक

### CCTV, रिकॉर्ड बैकअप, प्रशिक्षित गार्ड व पोर्टल इंद्राज पर सख्त निर्देश, संदिग्ध गतिविधियों पर त्वरित सूचना देने का आह्वान




भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।

**रजत विजय रंगा** । पुलिस अधीक्षक फतेहाबाद सिद्धांत जैन, आईपीएस ने जिला पुलिस लाइन स्थित एनजीओ मेस के मीटिंग हॉल में जिले के प्रमुख व्यापारिक वर्ग के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण संवाद बैठक आयोजित की। इस बैठक में जिलेभर से आए पेट्रोल पंप मालिकों, आढ़तियों, ज्वैलरी व्यवसायियों, शराब कारोबारियों, बैंक प्रबंधकों सहित अन्य प्रतिष्ठित व्यापारिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना, व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करना तथा पुलिस-व्यापारी समन्वय के माध्यम से अपराध नियंत्रण में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। पुलिस अधीक्षक जैन ने कहा कि वर्तमान समय में व्यापारिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं और अपराध के तौर-तरीकों में भी बदलाव देखा जा रहा है। ऐसे में प्रत्येक व्यापारी को अपने प्रतिष्ठान की सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने सभी व्यापारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी दुकानों, संस्थानों एवं कार्यालयों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे स्थापित करें, समय-समय पर उनकी जांच करवाएं तथा कैमरों की रिकॉर्डिंग कम से कम 30 दिनों तक सुरक्षित रखें। उन्होंने बताया कि ज्वैलरी शॉप्स, बैंक शाखाएं, पेट्रोल पंप, शराब ठेके व आढ़त बाजार जैसे स्थान संवेदनशील श्रेणी में आते हैं, जहां सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही अपराधियों को अवसर दे सकती है। ऐसे स्थानों पर प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड तैनात करना तथा प्रवेश/निकासी बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखना आवश्यक है। बैठक में बैंक प्रतिनिधियों को नकद लेन-देन एवं एटीएम सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई। वहीं शराब विक्रेताओं को ठेकों पर अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित रखने तथा विशेष रूप से रात्रि समय में शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैठक के दौरान सभी होटल एवं गेस्ट हाउस मालिकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने प्रतिष्ठानों का इंद्राज अनिवार्य रूप से संबंधित पोर्टल/एप पर करें तथा अपनी आईडी बनाएं। होटल में ठहरने वाले प्रत्येक यात्री का विवरण समय पर पोर्टल पर दर्ज करना सुनिश्चित करें। जिन होटल संचालकों द्वारा पोर्टल पर इंद्राज नहीं किया जाएगा, उसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगें। बैठक के दौरान व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा सुरक्षा से जुड़े उपयोगी सुझाव भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर डीएसपी हेडक्वार्टर कुलवंत सिंह, सुरक्षा प्रभारी उपनिरीक्षक सत्यनारायण सहित जिलेभर से आए प्रमुख व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# 72 घंटे में सूचना नहीं तो बीमा क्लेम अटक सकता है: बेमौसम बारिश से कटी फसलों के नुकसान पर कृषि विभाग का अलर्ट

## खेतों में पहुंचकर अधिकारियों ने लिया जायजा, किसानों को समय पर शिकायत दर्ज कराने की सख्त हिदायत।

भीम प्रज्ञा न्यूज.दौसा।

**मनोज खंडेलवाल** । जिले में बेमौसम बरसात के बाद कटी हुई बीमित फसलों में संभावित नुकसान को देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि वे नुकसान की सूचना घटना के 72 घंटे के भीतर अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं, अन्यथा बीमा क्लेम की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। विभाग ने इसे कानूनी प्रावधानों से जुड़ी अनिवार्य प्रक्रिया बताते हुए समयबद्ध सूचना को जरूरी बताया है। कृषि विभाग की टीम ने ग्राम सिंगबाड़ा में खेतों में पहुंचकर कटी हुई गेहूं की फसल का निरीक्षण किया, जहां बारिश के कारण फसल भीगने से गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका सामने आई। सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) अशोक कुमार मीना, कृषि अधिकारी श्यामलाल बुनकर, थान सिंह, सहायक कृषि अधिकारी बाबूलाल चौधरी और कृषि पर्यवेक्षक रीना मीना ने मौके पर किसानों से संवाद कर



वास्तविक स्थिति का आंकलन किया। निरीक्षण के दौरान सहायक निदेशक अशोक कुमार मीना ने किसानों को स्पष्ट रूप से अवगत कराया कि जिन किसानों की फसल बीमित है, वे नुकसान की सूचना निर्धारित समय सीमा के भीतर दर्ज कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि इसके लिए किसान भारत सरकार के कृषि रक्षक पोर्टल, हेल्पलाइन नंबर 14447, क्रॉप इंश्योरेंस ऐप या लिखित रूप में अपने बैंक, कृषि विभाग अथवा संबंधित अधिकारियों को सूचना दे सकते हैं, ताकि प्रक्रिया विधिसम्मत तरीके से आगे बढ़ सके। उन्होंने यह भी बताया कि सूचना प्राप्त होने के बाद गठित जांच कमेटी मौके पर जाकर नियमानुसार नुकसान का सत्यापन करेगी और उसी आधार पर बीमा क्लेम की कार्यवाही की जाएगी। विभाग ने जिलेभर के सहायक कृषि अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि वे प्रभावित क्षेत्रों का शीघ्र सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जिससे किसानों को समय पर राहत मिल सके। निरीक्षण के दौरान किसान लक्ष्मण, कैलाश, रामफूल और हरीसिंह गुर्जर सहित अन्य किसानों ने अपनी समस्याएं साझा कीं और फसल नुकसान को लेकर चिंता जताई। इस पूरी प्रक्रिया के बीच प्रशासन का फोकस इस बात पर है कि 'समय पर सूचना ही राहत की कुंजी है,' ताकि किसी भी पात्र किसान को उसके अधिकार से वंचित न होना पड़े।

# बेमौसम बारिश पर प्रशासन अलर्ट : खेतों में उतरे अधिकारी, फसलों के नुकसान का जमीनी आकलन शुरू

### कटाई के समय बारिश से बढ़ी चिंता, भीगी फसलों की गुणवत्ता पर असर की आशंका।

भीम प्रज्ञा न्यूज.दौसा।

**मनोज खंडेलवाल** । जिले में बेमौसम बारिश के बाद प्रशासन ने सतर्कता बढ़ाते हुए फसलों की स्थिति का जमीनी आकलन शुरू कर दिया है। जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को उपखंड अधिकारियों, तहसीलदारों और कृषि विभाग की टीमों ने जिलेभर में गांव-गांव पहुंचकर खेतों का निरीक्षण किया और किसानों से सीधे संवाद कर नुकसान की वास्तविक स्थिति जानी। यह कवायद ऐसे समय में शुरू की गई है जब रबी फसलों की कटाई अपने अंतिम दौर में है और बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि जिले में हुई बारिश का प्रभाव सामान्य तौर पर सीमित रहा है, लेकिन जिन खेतों में कटी हुई फसल खुले में पड़ी थी, वहां नुकसान की आशंका साफ दिखाई दे रही है। खासकर गेहूं और चने की फसल, जो इस समय कटाई के चरण में है, बारिश के कारण भीग गई है, जिससे दानों की गुणवत्ता प्रभावित होने की संभावना बनी हुई है। वहीं सरसों की फसल अधिकांश क्षेत्रों में पहले ही कट चुकी थी, जिससे इस



फसल पर बारिश का खास असर नहीं पड़ा।

अधिकारियों ने खेतों में पहुंचकर किसानों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। किसानों को भरोसा दिलाया गया कि सरकार उनकी स्थिति के प्रति संवेदनशील है और किसी भी प्रकार के नुकसान की भरपाई के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रभावित फसलों का विस्तृत सर्वे कराया जा रहा है और प्रत्येक उपखंड से वास्तविक आंकलन के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजी जाएगी, ताकि समय पर राहत और सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

# चनाना गांव में सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 10 लाख रुपये स्वीकृत, ग्रामीणों में खुशी की लहर

भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।

उपखण्ड क्षेत्र का चनाना गांव में अब जल्द ही सड़कों पर सोलर स्ट्रीट लाइट की रोशनी जगमगाएगी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने सांसद निधि से 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। यह स्वीकृति भाजपा नेता रजनीश चनाना के आग्रह पर प्रदान की गई। इस महत्वपूर्ण निर्णय से गांव में बेहतर रोशनी व्यवस्था सुनिश्चित होगी, जिससे न केवल आमजन को सुविधा मिलेगी बल्कि सुरक्षा व्यवस्था भी




मजबूत होगी। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए खुशी जताई है। रजनीश चनाना ने इस स्वीकृति के लिए मदन राठौड़ का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सोलर स्ट्रीट लाइट लगने से गांव के विकास को नई गति मिलेगी और लोगों को रात के समय आवागमन में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह पहल पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ ऊर्जा बचत की दिशा में भी एक सराहनीय कदम है। ग्रामवासियों ने भी स्वीकृति के लिए मदन राठौड़ व रजनीश चनाना का आभार जताया।

# पूर्वांचल दुर्गा पूजा फाउंडेशन ने किया गरीब परिवार के दिवंगत व्यक्ति का दाह संस्कार

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।

**रमेशचंद** । भागलपुर से नीमराना आए एक गरीब परिवार के दिवंगत व्यक्ति का दाह संस्कार पूर्वांचल दुर्गा पूजा फाउंडेशन की टीम ने किया। व्यक्ति की मृत्यु नीमराना में हो गई थी, लेकिन गरीबी के कारण उसके परिवार के पास दाह संस्कार के लिए पैसे नहीं थे। फाउंडेशन की टीम को जब इस बात की सूचना मिली, तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई की और दिवंगत व्यक्ति का दाह संस्कार करवाया। फाउंडेशन की टीम ने बताया कि



उनका उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करना है, और इस मामले में उन्होंने अपना कर्तव्य निभाया है। फाउंडेशन की टीम ने दिवंगत व्यक्ति के परिवार के साथ मिलकर दाह संस्कार किया और उन्हें आर्थिक सहायता भी प्रदान की। फाउंडेशन की टीम ने बताया कि वे आगे भी इस तरह की मदद करते रहेंगे और गरीब परिवारों की सहायता करेंगे। भगवान दिवंगत व्यक्ति की आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिवार को इस दुख की घड़ी में शक्ति दे।

# भगवान श्री राम का चरित्र मानव जीवन की मर्यादा को स्थापित करने वाला - तिवाड़ी

## श्री दुर्गा मंदिर में श्रीराम कथा का हुआ शुभारंभ

भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।

भगवान श्री राम का चरित्र मानव जीवन की मर्यादा को स्थापित करने वाला है। सर्व मांगलमयी समाज मे मनुष्य के क्या कर्तव्य है, यह अपने चरित्र के माध्यम से भगवान ने सबको बताया है। उक्त कथन वाणीभूषण प्रभुशरण तिवाड़ी ने शहर के रेलवे स्टेशन के पास स्थित श्री दुर्गा मंदिर में श्री मेंढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के प्रथम दिवस व्यास पीठ से बोलते हुए कहे। कथा में भगवान शिव एवं सती चरित्र तथा नारद मोह का विशद वर्णन किया गया। कथा के दौरान भगवान विष्णु की सजीव झांकी ने वातावरण को भक्ति मय बना दिया तो सुमधुर कर्णप्रिय संगीत ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। वही कथा के प्रारंभ में मुख्य यजमान जय प्रकाश सोनी के द्वारा सपत्नीक पूजन किया गया। कार्यक्रम में बाबूलाल सोनी, सुभाष वर्मा, नंदू सोनी दिल्ली, सुरेन्द्र सोनी, मुकेश




सोनी, सुशील फतेहपुरिया, राजेश सोनी भामा,ओमप्रकाश योगी, रवि सोनी, मानकचंद सोनी,सुशील सोनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष मौजूद रहे। कथा का समय दोपहर 01 बजे से सायं 5 बजे तक का है।

# शहीद-ए-आजम की स्मृति में चिड़ावा में उमड़ेगा जनसैलाब, 23 मार्च को विशाल रक्तदान शिविर

भीम प्रज्ञा न्यूज .चिड़ावा।

वतन की वेदी पर प्राण न्योछावर करने वाले अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस पर चिड़ावा की धरा एक नेक कार्य की साक्षी बनेगी। युवा जनशक्ति फाउंडेशन के तत्वावधान में आगामी 23 मार्च 2026 को एक 'महा रक्तदान शिविर' का सोमवार समय: प्रातः 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक नया बस स्टैंड के पास राजस्थान शिक्षण संस्थान के खेल मैदान में आयोजन किया जा रहा है। फाउंडेशन की प्रतिनिधि नितिका थालौर ने बताया कि युवा जनशक्ति फाउंडेशन का यह पहला रक्तदान का बड़ा आयोजन है। उन्होंने कहा, 'हमारा उद्देश्य उन वीरों को याद करना है जिन्होंने देश के लिए अपना लहू दिया। आज हम रक्तदान कर उनके पदचिह्नों पर चलने और समाज के जरूरतमंदों की जान बचाने का संकल्प ले रहे हैं।' इस पुनीत कार्य में क्षेत्र के प्रतिष्ठित चिकित्सक, अनुभवी सामाजिक कार्यकर्ता और ऊर्जावान स्वयंसेवक अपनी सेवाएं देंगे। फाउंडेशन पूर्व में भी सामाजिक सरोकारों में अग्रणी रहा है और अब इस शिविर के माध्यम से एक नया कीर्तिमान स्थापित करने की ओर अग्रसर है।

आयोजकों ने चिड़ावा क्षेत्र के युवाओं और आमजन से आह्वान किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस महादान का हिस्सा बनें और शहीदों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करें।

# सद्भावना यात्रा का टोहाना में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनूप डांगरा के नेतृत्व में धानक समाज ने किया जोरदार स्वागत

भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।

**रजत विजय रंगा** । पूर्व सांसद चौधरी बृजेंद्र सिंह जो पूरे हरियाणा में हर विधानसभा में सद्भाव यात्रा निकाल रहे हैं उसी के चलते यात्रा टोहाना पहुंची टोहाना पहुंचने पर धानक समाज के संरक्षक अनूप डांगरा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह व पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह का अपनी संस्था की तरफ से जोरदार स्वागत किया और संस्था की तरफ से यात्रा को पूरा समर्थन दिया




इस अवसर पर अनेक संस्थाओं व राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित थे सभी ने यात्रा को लेकर पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह जी को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया और बृजेंद्र सिंह जी के साथ कदम से कदम मिलाकर चले इस अवसर पर उदयराज सिंह, चौधरी रामेश्वर लाल बिश्नोई,पूर्व चेयरमैन काशीराम, दिलशेर सिंह, जसनप्रीत सोलंकी, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बलदेव सिंह, इनके अलावा अनेक गांवों के सरपंच व सरपंच प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

# फतेहाबाद में गैस की कालाबाजारी पर सख्ती, छापेमारी में 19 सिलेंडर जब्त

### जिले में गैस की कोई कमी नहीं, शादी-विवाह के लिए 40 कमर्शियल सिलेंडर आवंटित

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।

**रजत विजय रंगा** । जिला फतेहाबाद में गैस की कालाबाजारी पर लगाम कसने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। डीएफएससी कुशाल बूरा के नेतृत्व में विभागीय टीमों को कड़े निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके तहत होटलों, रेस्टोरेंट्स, मिठाई की दुकानों और ढाबों पर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। छापेमारी के दौरान विभाग ने 19 मामलों में अनियमितताएं पाई हैं। जांच में सामने आया कि 9 कमर्शियल और 10 घरेलू गैस सिलेंडरों का नियमों के विरुद्ध उपयोग किया जा रहा था। विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी 19 सिलेंडरों को जब्त कर लिया है। डीएफएससी ने बताया कि जिले में गैस आपूर्ति पूरी तरह सुचारू है और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। 20 मार्च को तेल कंपनियों से 6645 भरे हुए सिलेंडर प्राप्त हुए हैं, जबकि 23 गैस एजेंसियों के पास 9564 सिलेंडर पहले से स्टॉक में मौजूद हैं। इस प्रकार जिले में कुल 16209 सिलेंडर उपलब्ध हैं। वहीं, 19 मार्च को 4386 सिलेंडरों की रिफिलिंग की गई थी। उन्होंने यह भी बताया कि शादी-विवाह जैसे आयोजनों के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। 19 मार्च तक ऐसे आयोजनों के लिए 30 आवेदन प्राप्त हुए थे। उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा 9 आवेदनों पर विचार करते हुए 20 मार्च तक होने वाली शादियों के लिए 40 कमर्शियल सिलेंडर आवंटित किए गए हैं।डीएफएससी ने आमजन से अपील की है कि वे गैस रिफिल के लिए अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी आधारित बुकिंग प्रणाली का ही उपयोग करें, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

# पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन की संवेदनशील पहल – पुलिस कर्मियों व उनके परिवारों के स्वास्थ्य के लिए महा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन

### 21 मार्च को पुलिस लाइन में लगेगा निःशुल्क मल्टीपल हेल्थ कैंप, स्वयं मौजूद रहकर एसपी करेंगे निरीक्षण;

### पुलिस कर्मियों के कल्याण को प्राथमिकता देते हुए आमजन को भी मिलेगा लाभ

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।

**रजत विजय रंगा** । पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस की संवेदनशील कार्यशैली एवं अपने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों तथा उनके परिवारों के प्रति प्रतिबद्ध सोच का एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए फतेहाबाद पुलिस द्वारा दिनांक 21 मार्च 2026 (शनिवार) को एक महा मल्टीपल हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक पुलिस लाइन के सभागार हॉल में लगाया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस मुख्य अतिथि के रूप में स्वयं उपस्थित रहकर कार्यक्रम का निरीक्षण एवं मार्गदर्शन करेंगे। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने सदैव अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उनके निर्देशन में यह स्वास्थ्य शिविर विशेष रूप से पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य की नियमित जांच सुनिश्चित करने तथा उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। साथ ही, आमजन को भी इस पहल से जोड़कर समाज के प्रति पुलिस की जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता को दर्शाया गया है। इस विशेष स्वास्थ्य शिविर में आंखों, दांतों, त्वचा संबंधी जांच के साथ-साथ डाइट एवं न्यूट्रिशन परामर्श की व्यापक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे लाभार्थियों को एक ही छत के नीचे समग्र स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। यह पहल न केवल स्वास्थ्य जांच तक सीमित है, बल्कि एक स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण की दिशा में पुलिस अधीक्षक की दूरदर्शी सोच को भी दर्शाती है। उक्त कैंप का आयोजन आईक्यू हॉस्पिटल फतेहाबाद, अमृत डेंटल हॉस्पिटल फतेहाबाद एवं हील हॉस्पिटल फतेहाबाद के सहयोग से किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे, जिनमें डॉ. नेहा (BDS कॉस्मेटोलॉजिस्ट), डॉ. साहिल धवन (BDS डेंटल), डॉ. शीनम नारंग (डाइट एवं न्यूट्रिशन विशेषज्ञ) तथा डॉ. अंकिता (MBBS, कंसल्टेंट ऑप्थल्मोलॉजी) प्रमुख रूप से शामिल हैं। कैंप के दौरान सभी प्रकार की स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक दवाइयां पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि अधिक से अधिक लोग इस सुविधा का लाभ उठा सकें। फतेहाबाद पुलिस द्वारा जिले के समस्त पुलिस कर्मचारियों, उनके परिवारजनों एवं आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस जनकल्याणकारी स्वास्थ्य शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लें, अपने स्वास्थ्य की जांच करवाएं तथा इस सराहनीय पहल का अधिकतम लाभ उठाएं।



# बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के 18 मार्च, 1956 को आगरा आगमन की स्मृति में कार्यक्रम का आयोजन

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.आगरा।**

बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 18 मार्च, 1956 को आगरा में आगमन पर दिए गए मार्मिक संबोधन की स्मृति में भारत के महान भीखु परम श्रद्धेय डॉ करुणाशील राहुल की साधिन्यता तथा भारत में बौद्धों की अग्रणी संस्था 'धम्मभूमि - श्रेष्ठ जीवन के लिए आंदोलन' की देखरेख एवं कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशाल धम्म कारवां का शुभारंभ त्रिलोक्य बुद्ध विहार, शाहगंज से आरम्भ होकर जीआईसी इंटर कॉलेज, पचकुइयां, आगरा के मैदान में संपन्न हुआ। इस कारवां में हजारों की संख्या में अंबेडकरवादियों ने अनुशासित और उत्साहित होकर हिस्सा लिया। शहर वासियों ने जगह जगह कारवां में शामिल होने वाले बच्चे, युवा, महिलाएं, बुजुर्ग तथा असंख्य भीखु भिखुनियों का पुष्प वर्षा करके तथा शुद्ध जल, फल आदि का वितरण करके अपने



आपको सच्चे आंबेडकरवादी होने का प्रमाण दिया। कार्यक्रम में देश विदेश से आए प्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में बाबा साहेब के देश के प्रति किए गए योगदान को याद किया। महान भीखु डॉक्टर करुणाशील राहुल ने अपने संबोधन में सभी से आंबेडकर के सिद्धांत पर चलकर बौद्ध धम्म के प्रचार प्रसार के लिए काम करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने श्वेत वस्त्र धारण किया हुआ था। अंत में भंते करुणाशील राहुल जी ने अलीगढ़ में करोड़ों रुपयों की लागत से बनने वाले बुद्धा रिसर्च सेंटर के निर्माण में सभी धम्म प्रेमियों का सहयोग मांगा। उन्होंने सभी बुद्ध प्रेमियों से बौद्ध विरासत को आगे बढ़ाने में ''नमो बुद्धाय और जय भीम'' की छाप से बनी ईंटों को प्रतीक के रूप में हर गांव शहर में ले जाकर आर्थिक सहयोग करने की अपील की। 3 मई 2026 को रोहिना सिंहपुर,एटा रोड, राष्ट्रीय राजमार्ग, अलीगढ़, उ प्र में रेवाड़ी से सैकड़ों की संख्या मे सेवाविहार आधारशिला स्थापना कार्यक्रम मे जायेंगे। कार्यक्रम में विशेषरूप से इंग्लैंड से आई पर्वतारोही प्रिया आंबेडकर का भी स्वागत किया गया। हरियाणा के लगभग सभी जिलों से हजारों की संख्या में अंबेडकरवादियों की भागीदारी रही। रेवाड़ी से भगत सिंह बौद्ध, आर के बलवारिया, सतबीर गोठवाल, कृष्ण कुमार बलवारियां, सुरेन्द्र कुमार, रेशम देवी, सुमित्रा, आशा देवी, विमल कौर, सोनिया, बिमलेश, किआन बलवारिया, दीक्षा सहित प्रोग्राम में मौजूद रहे।

# थाना शहर टोहाना पुलिस की कार्रवाई : नशा तस्करी में मुख्य सप्लायर काबू

**पूर्व में 14 किलो 300 ग्राम डोडा पोस्त व 86 ग्राम अफीम हो चुकी बरामद, एक आरोपी पहले ही काबू**

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना शहर टोहाना पुलिस ने नशा तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए मुख्य सप्लायर को काबू करने में सफलता हासिल की है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में पहले ही एक आरोपी को काबू किया जा चुका है, जिससे भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद हुआ था। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पूर्व में सिटी मैक्स अस्पताल के सामने, मुनक रोड टोहाना पर नाका बंदी के दौरान एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी से 14 किलो 300 ग्राम डोडा पोस्त व 86 ग्राम अफीम बरामद की गई थी। उस दौरान आरोपी की पहचान भगवंत सिंह निवासी खड़ाल, जिला संगरूर के रूप में हुई थी, जिसे मौके पर ही काबू कर लिया गया था। उन्होंने बताया कि मामले की गहन जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर मुख्य सप्लायर आशु पुत्र अमृतसर राम निवासी अधिनि, थाना उसरा हार, जिला इटावा (उत्तर प्रदेश) को अब काबू किया गया है। अभियोग संख्या 589 दिनांक



09.12.2022, धारा 15बी, 18बी, 61, 85 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। काबू किए गए आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। मामले की गहनता से जांच जारी है।

# राजस्थान में गैस सिलेंडर बुकिंग के लिए नया नियम



**जयपुर।**

राजस्थान में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने तेल-गैस कंपनियों को गैस सिलेंडर की बुकिंग के नए सिस्टम का आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत उपभोक्ता को अब सिलेंडर बुकिंग के समय ओटीपी देकर वेरिफिकेशन करना जरूरी होगा। कस्टमर किसी मोबाइल एप, तेल-गैस कंपनी की वेबसाइट के जरिए अगर अब गैस ?बुकिंग करवाएगा तो रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी से वेरिफिकेशन के बाद ही बुकिंग हो सकेगी। देश में रसोई गैस किल्लत और सप्लाई में हो रही परेशानी को देखते हुए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने यह आदेश जारी किए हैं।

वहीं गैस सिलेंडर लेते समय भी डिलीवरी बॉय को डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (DAC) देना उपभोक्ता के लिए अनिवार्य किया गया है।

## नए सिस्टम से होगी केवल ऑथेंटिक बुकिंग

विभाग से जारी आदेशों के अनुसार- अगर उपभोक्ता किसी दूसरे अधिकृत इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (फोन-पे, पेटीएम एप या यूपीआई) से बुकिंग करता है तो उस बुकिंग का वेरिफिकेशन भी ओटीपी के जरिए करना होगा। इनके अलावा अन्य किसी माध्यम से बुकिंग स्वीकार नहीं की जाएगी।

इस सिस्टम से केवल ऑथेंटिक बुकिंग ही हो सकेगी। कोई दूसरा व्यक्ति या गैस एजेंसी संचालक अपने स्तर पर उपभोक्ता की गैस बुकिंग नहीं कर सकेगा। अगर करता भी है तो उसे उपभोक्ता से ओटीपी लेकर वेरिफिकेशन करवाना होगा।

# दिल्ली-एनसीआर में अगले दो दिनों तक बदला रहेगा मौसम का मिजाज, बारिश और आंधी का अलर्ट जारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में बुधवार शाम मौसम ने अचानक करवट ली। तेज धूल भरी आंधी के साथ गरज-चमक और मूसलाधार बारिश ने लोगों को तीखी गर्मी से राहत पहुंचाई, लेकिन शहर की रफ्तार पर ब्रेक लग गया। करीब 6 बजे शुरू हुई बूंदाबांदी लगभग 45 मिनट तक चली, जिस दौरान 30 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं और धूल उड़ने से ट्रैफिक प्रभावित हुआ। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता को इसका कारण बताया है। बुधवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारिश और तेज हवाओं ने तापमान में अचानक गिरावट लाई, जिससे गर्मी से परेशान लोग राहत महसूस कर रहे हैं। गुरुवार और शुक्रवार के लिए मौसम विभाग ने 'येलो अलर्ट' जारी किया है। दोनों दिनों गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, साथ ही 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस की और गिरावट का अनुमान है। नोएडा सहित आसपास के इलाकों में भी येलो अलर्ट जारी है। बुधवार की आंधी-बारिश से सेक्टर 62, 18, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, सेक्टर-71 और 75 जैसे कई क्षेत्रों में करीब एक घंटे तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। तेज हवाओं से पेड़ों की टहनियां टूटने और केबल फाल्ट की वजह से बिजली विभाग की टीमें तुरंत सक्रिय हुईं। मौसम विभाग का कहना है कि एक सप्ताह तक अधिकतम तापमान में करीब तीन और न्यूनतम में दो डिग्री सेल्सियस की कमी बनी रह सकती है।

# रेखा गुप्ता सरकार का दूसरा बजट: जनसंवाद से मिल रहे शिक्षा, खेल और सुरक्षा सुधार के सुझाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेखा गुप्ता सरकार 24 मार्च को विधानसभा में अपना दूसरा बजट पेश करेगी। इससे पहले मुख्यमंत्री जनसंवाद के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों से सुझाव ले रही हैं। उनका कहना है कि पिछली बार की तरह इस बार भी जनभागीदारी से बजट तैयार होगा, जिसमें सभी वर्गों की आवश्यकताओं का ध्यान रखा जाएगा।

इसी कड़ी में बुधवार को उन्होंने दिल्ली सचिवालय में 'संवाद कार्यक्रम' आयोजित किया, जिसमें शामिल लोगों ने शिक्षा और खेल सुविधाओं को बेहतर करने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था में सुधार तथा नागरिक समस्याओं के समाधान के लिए बजट में प्रावधान करने की मांग की। संवाद कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद भी शामिल थे। मुख्यमंत्री और मंत्री से छात्रों ने मिड-डे मील योजना को कक्षा 12 तक बढ़ाने, स्कूलों में नियमित खेल प्रशिक्षण शुरू करने, पढ़ाई व खेल से जुड़ी सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा व्यवहारिक ज्ञान के लिए औद्योगिक इकाइयों के भ्रमण व प्रशिक्षण की व्यवस्था करने की मांग की। कॉलेज के छात्रों



ने नए छात्रावास बनाने, करियर काउंसलिंग सत्र आयोजित करने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पुस्तकालय में आवश्यक पुस्तकें उपलब्ध कराने की आवश्यकता बताई। शिक्षकों और महिलाओं ने स्कूलों व आवासीय क्षेत्रों में खेल मैदान बनाने, सुरक्षित सड़क पार करने के लिए फुटओवर ब्रिज (एफओबी) और अंडरपास बनाने तथा जलभराव जैसी समस्याओं का स्थायी समाधान करने के उपाय करने की मांग की। महिलाओं ने स्कूलों में क्रेच की सुविधा शुरू करने, महिला चालकों को बढ़ावा देने तथा कार्यस्थलों पर मासिक धर्म के दौरान विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने के सुझाव दिए। शिक्षकों ने कौशल विकास के लिए एआइ प्रशिक्षण, स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर करने तथा शैक्षणिक भ्रमण आयोजित करने के प्रविधान करने का सुझाव दिया। खिलाड़ियों ने स्कूलों में खेल को अनिवार्य बनाने व आवश्यक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने, आवासीय खेल अकादमी स्थापित करने, खिलाड़ियों के लिए बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था करने, स्टेडियम के शुल्क को तर्कसंगत बनाने, स्थायी कोच नियुक्त करने तथा महिला कोचों की संख्या बढ़ाने, खिलाड़ियों के लिए रिहैबिलिटेशन सेंटर बनाने, खेल संघों को आर्थिक सहायता देने तथा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण भत्ता देने की मांग की।

# वर्ल्ड कप तो खेलेंगे, पर अमेरिका नहीं जाएंगे ईरान ने फीफा के सामने रखी बड़ी शर्त

**मेक्सिको बन सकता है नया वेन्यू**

**तेहरान, एजेंसी।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के आयोजन से पहले ईरान और अमेरिका के बीच जारी तनाव अब फुटबॉल के मैदान तक पहुंच गया है। ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ( जिसने पहले टूर्नामेंट के बहिष्कार की धमकी दी थी अब खेलने को तैयार है। हालांकि ईरान ने साफ कर दिया है कि वह अपने मैच खेलने के लिए अमेरिका की धरती पर कदम नहीं रखेगा। ईरान के फुटबॉल प्रमुख मेहदी ताज ने पुष्टि की है कि उनकी टीम वर्ल्ड कप की तैयारियों में जुटी है। टीम तुर्की में ट्रेनिंग कैंप लगाएगी और वहां दो फ्रेंडली मैच भी खेलेगी। इससे पहले ईरान के खेल मंत्री अहमद दोन्यामाली ने संकेत दिए थे कि सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की हत्या के बाद उपजे हालातों के कारण ईरान वर्ल्ड कप से हट सकता है लेकिन अब ईरान ने बहिष्कार का फैसला बदल लिया है। ईरान ने फीफा से मांग की है कि उसके मैच अमेरिका की बजाय किसी और देश में शिफ्ट किए जाएं। इस मांग के पीछे दो मुख्य कारण हैं- सुरक्षा और तनाव- फरवरी के अंत से अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य तनाव चरम पर है।

डोनाल्ड ट्रंप का बयान- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए ईरान को सलाह दी थी कि उनके लिए अमेरिका में मैच खेलना उचित नहीं होगा। इसी बयान को आधार बनाकर ईरान अब अमेरिका जाने से बच रहा है। ईरान की इस मुश्किल को देखते हुए मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने 17 मार्च को एक बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि अगर ईरान चाहे तो अपने ग्रुप मैच मेक्सिको में खेल सकता है। चूंकि वर्ल्ड कप 2026 संयुक्त रूप से अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में हो रहा है इसलिए वेन्यू शिफ्ट करना तकनीकी रूप से संभव है लेकिन अंतिम फैसला फीफा को लेना है। ईरान पहले ही वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर चुका है। तय शेड्यूल के अनुसार जून में ईरान को बेल्जियम, मिस्र और न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच खेलने हैं जो फिलहाल अमेरिका में प्रस्तावित हैं। एफआईएफ फुटबॉल की सबसे बड़ी संस्था ने साफ किया है कि वे सभी टीमों के संपर्क में हैं लेकिन फिलहाल शेड्यूल बदलने का कोई इरादा नहीं है।

**● अमेरिका के लिए पाकिस्तान सबसे बड़ा परमाणु खतरा**

# यूएस इंटेलिजेंस चीफ तुलसी गबार्ड का बड़ा बयान

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सीनेट में बुधवार को प्रस्तुत यूएस इंटेलिजेंस कम्युनिटी के खतरे के आकलन पर वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार भारत और पाकिस्तान के संबंधों के कारण परमाणु संघर्ष का खतरा बना हुआ है। चौंतीस पृष्ठों की इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत और पाकिस्तान सीधे संघर्ष शुरू नहीं करना चाहते फिर भी आतंकवादी तत्वों के लिए संकटों को बढ़ावा देने वाली परिस्थितियां मौजूद हैं। दस्तावेज में कहा गया है, भारत-पाकिस्तान संबंध की वजह से परमाणु संघर्ष का खतरा बना हुआ है क्योंकि पूर्व में इन दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देशों के बीच टकराव हुए हैं, जिससे तनाव बढ़ने का खतरा पैदा हुआ है। पिछले साल जम्मू कश्मीर के केंद्र



शासित प्रदेश में पहलगाम के पास हुए आतंकवादी हमले ने संघर्ष को भड़काने वाले आतंकवादी हमलों के खतरों को स्पष्ट कर दिया है। दस्तावेज में कहा गया है, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्तक्षेप से हालिया परमाणु तनाव कम हुआ है और हमारा आकलन है कि कोई भी देश खुले संघर्ष में नहीं लौटना चाहता है लेकिन आतंकवादी तत्वों के लिए संकटों को बढ़ावा देने वाली परिस्थितियां मौजूद हैं। दस्तावेज में कहा गया है, पाकिस्तान और तालिबान के बीच संबंध तनावपूर्ण रहे हैं और सीमा पार झड़पें होती रहती हैं, क्योंकि इस्लामाबाद अफगानिस्तान में पाक विरोधी आतंकवादी समूहों की उपस्थिति से लगातार निराश रहा है, जबकि इस्लामाबाद को बढ़ती आतंकवादी हिंसा का सामना करना पड़ रहा है।

# ईरान पर हमले के बाद अमेरिका को पहुंच रहा दोहरा नुकसान

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका का राष्ट्रीय ऋण बुधवार को 39 ट्रिलियन डॉलर के रिकॉर्ड स्तर को पार कर गया। यह उपलब्धि ऐसे समय में आई है जब अमेरिका-इस्राइल का ईरान के साथ युद्ध शुरू हुए कुछ ही हफ्ते हुए हैं। यह अभूतपूर्व आंकड़ा प्रशासन की प्रतिस्पर्धी प्राथमिकताओं को उजागर करता है, जिसमें बड़े पैमाने पर कर कानून पारित करना, रक्षा खर्च और आप्रवासन प्रवर्तन को बढ़ावा देना और स्वयं ऋण को कम करना शामिल है। सरकारी जवाबदेही कार्यालय ने बढ़ते सरकारी ऋण के अमेरिकी नागरिकों पर पड़ने वाले प्रभावों को रेखांकित किया है। इनमें बंधक और कारों जैसे सामानों के लिए उधार लेने की उच्च लागत, व्यवसायों के पास निवेश के लिए कम पैसा उपलब्ध होने से मजदूरी में कमी, और वस्तुओं तथा सेवाओं का अधिक महंगा होना शामिल है। संतुलित बजट के पैरोकार यह भी चेतावनी देते हैं कि अधिक उधार लेने और ब्याज का भुगतान करने की दीर्घकालिक प्रवृत्ति अमेरिकियों को भविष्य में कठिन वित्तीय समझौतों का सामना करने के लिए मजबूर करेगी।

पीटर जी. पीटरसन फाउंडेशन के अध्यक्ष और सीईओ माइकल पीटरसन ने एक बयान में कहा हमें विकास की इस चिंताजनक दर और अगली पीढ़ी पर पड़ने वाले महत्वपूर्ण वित्तीय बोझ को पहचानना चाहिए। उन्होंने आगे कहा वर्तमान विकास दर पर, हम इस शरद ऋतु के चुनावों से पहले राष्ट्रीय ऋण में आश्चर्यजनक 40 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएंगे। बिना किसी योजना के इस तेज गति से खरबों का उधार लेना अस्थिरता की परिभाषा है। व्हाइट हाउस के आर्थिक सलाहकार केविन हैसेट ने अनुमान लगाया है कि ईरान में युद्ध पर अब तक 12 अरब डॉलर से अधिक खर्च हो चुका है। यह स्पष्ट नहीं है कि युद्ध कब समाप्त होगा।

यह ध्यान देने योग्य है कि संघीय ऋण रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक दोनों राष्ट्रपतियों के कार्यकाल में बढ़ा है और हाल ही में युद्धों, बड़े पैमाने पर महामारी खर्च और करों में कटौती से इसे बढ़ावा मिला है। अमेरिकी राष्ट्रीय ऋण पांच महीने पहले 38 ट्रिलियन डॉलर और उससे दो महीने पहले 37 ट्रिलियन डॉलर था।

# ट्रंप के टैरिफ का उल्टा असर: अमेरिकी उद्योगों को नुकसान

**श्रमिक वर्ग भी नाराज; उद्योगपतियों ने उठाए सवाल**

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** ट्रंप के समर्थक उद्योगपति जे. एलन ने कहा, उद्योगपतियों ने इस भरोसे के साथ ट्रंप को वोट दिया था कि रिपब्लिकन नेता करों में कटौती और नियमों में ढील देंगे, जिससे उनके विनिर्माण व्यवसाय को मदद मिलेगी। लेकिन ट्रंप के आर्थिक एजेंडे के मूल में मौजूद टैरिफ ने उनकी कंपनी एलन इंजीनियरिंग कॉर्प को चौपट किया है। आयात करों ने विदेशों में बने इंजनों, स्टील, गियरबॉक्स और क्लच की लागत भी बढ़ा दी है। इसके चलते पावर ट्रॉवेल निर्माण के दाम एक लाख डॉलर तक हो सकते हैं। ट्रंप ने टैरिफ को अमेरिकी कारखानों की मदद करने वाला बताया था लेकिन देखने में आ रहा है कि वे वास्तव में देशभर के कई उद्योगों और उत्पादन इकाइयों को कुचल रहे हैं। ट्रंप प्रशासन फरवरी में सुप्रीम कोर्ट से अवैध घोषित आयात करों के स्थान पर नए टैरिफ बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है। इससे हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। देश के विनिर्माण उद्योगपति क्रेसन क्रू ने कहा, टैरिफ के कारण उन्होंने 2025 में अपनी कंपनी को घाटे में चलाया।



उनके यहां कर्मचारियों की संख्या 205 से घटकर 140 रह गई। बिक्री में कमी पर भी उन्होंने कीमतें 8-10% बढ़ाई हैं।

कंपनियों के लिए योजना बनाना भी मुश्किल

अगले दशक में संघीय घाटे में वृद्धि होने का अनुमान है। आर्थिक नीति समूह एम्प्लाई अमेरिका के ईडी स्कंदा अमरनाथ ने कहा, ट्रंप के टैरिफ से विनिर्माण में कोई वृद्धि नहीं दिखती। इस क्षेत्र में कोई नया पुनर्जागरण भी नहीं हो रहा है। टैरिफ पर अनिश्चितता ने निवेश को हतोत्साहित किया है। टैरिफ लगाने के लिए कांग्रेस को दरकिनार करने से छोटी विनिर्माण कंपनियों को योजना बनाना भी मुश्किल कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने चेताया कि संघीय जजों की निजी आलोचना खतरनाक है और इसे रोकना होगा। यह चेतावनी उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा प्रशासन के खिलाफ फैसला सुनाने वाले एक संघीय जज को सनकी, नीच, बेईमान और पूरी तरह से बेकाबू कहने के दो दिन बाद दी। रॉबर्ट्स ने ट्रंप या किसी और को निशाना बनाने से परहेज किया और जोर दिया कि जजों पर हमले किसी एक राजनीतिक दृष्टिकोण से नहीं हो रहे हैं। रॉबर्ट्स ने ह्यूस्टन में कहा, न्यायिक राय की आलोचना न्यायिक पेशे का हिस्सा है और यह स्वस्थ भी हो सकती है। लेकिन जब आलोचना कानूनी विश्लेषण से हटकर दूसरी दिशा में चली जाती है तो मामला अलग हो जाता है।

ट्रंप ने न्यायाधीश बोसबर्ग के बारे में लिखा कि वह एक सनकी, दुष्ट, बेईमान और पूरी तरह से बेकाबू जज हैं, जो ट्रंप डिरेजमेंट सिंड्रोम के उच्चतम स्तर से पीड़ित हैं और वर्षों से मेरे लोगों और मेरे पीछे पड़े हैं। पिछले साल, रॉबर्ट्स ने सार्वजनिक रूप से ट्रंप की बोसबर्ग के महाभियोग की मांग को खारिज कर दिया था।

# स्वयं सहायता समूहों को और मजबूत करेंगे : एडीएम

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**सीकर।** अरबन हाट परिसर में राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद व जिला उद्योग केंद्र की ओर से आयोजित आठ दिवसीय पंच गौरव व राज सखी मेले का शुक्रवार को समापन हो गया। समारोह के मुख्य अतिथि एडीएम रतन कुमार ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बाजार व संबल देने के



लिए ऐसे आयोजन होने जरूरी हैं। लक्ष्मणगढ़ ब्लॉक, दीवानजी के बास स्थित करणी कृपा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने देशी गाय के शुद्ध राज सखी घी को लॉन्च किया। 13 मार्च से चल रहे इस मेले में जिले के 12 ब्लॉकों की महिलाओं ने अच्छी भागीदारी निभाई। समापन समारोह का प्रमुख आकर्षण लकी ड्रॉ रहा। जिसका आयोजन पंजाब नेशनल बैंक के लीड बैंक कार्यालय के सहयोग से किया गया। विजेताओं को एडीएम ने सम्मानित किया। लकी ड्रॉ विजेताओं में रिंकेश को पहले पुरस्कार के रूप में फ्रिज मिला। दूसरा पुरस्कार ऋत्विक सिंह को मिक्सर-जूसर, तीसरा पुरस्कार भानमती देवी को प्रेस, चौथा पुरस्कार सीमा देवी को किचन सैट और पांचवें पुरस्कार में रेखा देवी को ग्राइंडर मिला। विशिष्ट अतिथि जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक विकास सिहाग, उप मंडल प्रमुख विमल कुमार शर्मा, लीड बैंक मैनेजर नंद लाल व जिला समन्वयक राकेश कुमार लाटा थे।

# ग्रामीण पंचायत प्रशासक से मिले:पूगल में आबादी भूमि विस्तार और पट्टों की मांग

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**पूंगल।** पूगल के ग्रामीणों ने शुक्रवार को पंचायत प्रशासक सिद्धार्थ सिंह भाटी से मुलाकात की। ग्रामीणों ने आबादी भूमि के विस्तार और वर्षों से रह रहे लोगों को आवासीय पट्टे जारी करने की मांग रखी। पूर्व वार्ड पंच गणेश कुमार जोशी ने बताया कि पूगल पंचायत में बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए आबादी भूमि का विस्तार आवश्यक है। एक अन्य पूर्व वार्ड पंच चतर सिंह ने मांग की कि कस्बे में 50 वर्षों से निवास कर रहे लोगों को आवासीय पट्टे दिए जाएं। इससे उन्हें अपनी भूमि का मालिकाना हक मिलेगा और वे सरकारी सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष डूंगर राम सैन, पूर्व वार्ड पंच गणेश कुमार जोशी, चतर सिंह राठौड़, जीवन सिंह, भंवर सिंह, अरविंद वासू, प्रभू सिंह भाटी, डूंगर सिंह राव, नाथू सिंह, हीराराम मेघवाल, मोहन सिंह और गणपतराम भादू सहित कई अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# युशस्वी सहित इन तीन क्रिकेटरों पर रहेगी रॉयल्स की जिम्मेदारी

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल में इस बार नये कप्तान रियान पराग के साथ उतर रही। राजस्थान रॉयल्स का लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। रॉयल्स के पास उभरते क्रिकेटर युशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी और शिमोन हैटमायर हैं हालांकि उसे इस सत्र में अनुभवी बल्लेबाज संजू सैमसन की कमी खेलेगी। टीम का उम्मीद रहेगी की उसके युवा खिलाड़ जबरदस्मत प्रदर्शन कर उसे जीत दिलायें। पिछले कुछ सत्र में टीम ने युवाओं को अधिक से अधिक अवसर दिये हैं। जिस प्रकार से वैभव, यशस्वी और पराग सहित युवा खेल रहे हैं उससे रॉयल्स का सामना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होगा। ये खिलाड़ी शानदार फॉर्म में हैं और टीम की सफलता काफी हद तक इनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। राजस्थान रॉयल्स की सबसे बड़ी ताकत उनकी संतुलित बल्लेबाज़ी है। टीम में शीर्ष क्रम से लेकर मध्य क्रम तक ऐसे खिलाड़ी हैं जो बड़े शॉट्स खेलने के साथ-साथ पारी को संभालने में कुशल हैं। टीम में देशी ओर विदेशी खिलाड़ियों का मिश्रण इसे ओर भी अधिक घातक बनाता है। टीम किसी भी प्रकार के हालातों में निडर होकर खेलने तैयार है। इसके बाद भी इन तीन खिलाड़ियों को निभानी होगी अहम भूमिका।

**यशस्वी जायसवाल :** यशस्वी जायसवाल इस सीज़न में टीक के सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज़ साबित हो सकते हैं। बाएं हाथ के इस युवा ओपनर ने पिछले सीज़न में शानदार प्रदर्शन करते हुए 14 पारियों में 559 रन बनाए थे। उनका स्ट्राइक रेट 159.71 रहा, जो उनकी आक्रामक बल्लेबाज़ी को दिखाता है। वह बड़ी पारी खेलने में माहिर होने के साथ ही एंकर की भूमिका भी निभाते हैं। सैमसन के टीम से जाने के बाद अब बल्लेबाज़ी की ज़िम्मेदारी काफी हद तक उनके पास रहेगी। ऐसे में टीम को अच्छी शुरुआत देने की जिम्मेदार उनपर रहेगी।

**वैभव सूर्यवंशी:** 14 साल के युवा बल्लेबाज़ वैभव सूर्यवंशी रॉयल्स के लिए सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक हैं। पिछले सत्र में उन्होंने 206.56 के स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाकर सबको प्रभावित किया था।उन्होंने सिर्फ 35 गेंदों में शतक लगाकर इतिहास रच दिया था और टीम20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक बनाने वाले खिलाड़ी बने। इस दूसरे सत्र में भी उनका लक्ष्य अधिक से अधिक रन बनाना रहेगा। वैभव का कहना है कि उनकी नजरे क्रिस गेल के 175 रनों का रिकार्ड तोड़ना है।

**शिमरॉन हेटमायर:** वेस्टइंडीज़ के आक्रामक बल्लेबाज़ शिमरॉन हेटमायर रॉयल्स मध्यक्रम के आधार हैं। वह लंबे समय से टीम



का हिस्सा हैं और कई मौकों पर मैच विजेता पारियां खेल चुके हैं।हाल ही में टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा, जहां उन्होंने तेज़ स्ट्राइक रेट से रन बनाए। उनकी सबसे बड़ी ताकत दबाव में भी बड़े शॉट्स खेलने की क्षमता है। इस सत्र में टीम उनसे फिनिशर की भूमिका निभाने की उम्मीद करेगी।

# थरूर को याद आई गंभीर की बात, सैमसन को अगला धोनी बनने की जरूरत नहीं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद से ही बल्लेबाज संजू सैमसन छाये हुए हैं। संजू की प्रशंसा करते हुए केरल से कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा है कि एक बार उनसे टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा था कि उसे दूसरा महेंद्र सिंह धोनी बनने की जरूरत नहीं है क्योंकि वह अपने में ही खास है और उसे संजू सैमसन ही बने रहना चाहिये। थरूर ने कहा कि तब उन्होंने बातचीत के दौरान गंभीर से कहा था कि वह अगला धोनी बनेगा। वहीं अब थरूर ने गंभीर की इस बात को याद करते हुए विश्वकप में संजू की बल्लेबाजी के अंदाज को सराहा है। थरुर का कहना है कि वह क्लब क्रिकेटर के तौर पर करियर की शुरुआत से ही सैमसन को पसंद करते हैं। अब जबकि उसने इतनी उपलब्धियों को हासिल कर लिया है कि उन्हें उसपर गर्व होता है।

उन्होंने कहा, मैं उससे तब मिला था जब वह 14 साल का था, वह एक युवा क्लब क्रिकेटर था। वह देखने में भले ही कमजोर लगता था पर मन से काफी मजबूत था। उसमें जबरदस्त प्रतिभा थी। वह उस समय से ही विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनों कर रहा था। थरूर ने कहा, मैंने तब सैमसन से कहा था कि वह अगला धोनी बनेगा। इस बात को जब मैंने गंभीर से कहा, तो उन्होंने कहा कि नहीं, नहीं, उसे अगला धोनी बनने की जरूरत नहीं है, वह अपने में ही विशेष है, उसे सैमसन ही बने रहना होगा। और से बात सही साबित हुई है। थरुर ने कहा, जब मैं उसके साथ दुख-सुख में, कठिन समय में था तो मुझे ऐसा महसूस हुआ कि अगर वह अपने को संभाल ले तो सब कुछ वापस आ जाएगा। उसके अंदर प्रतिभा शुरु से थी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में जब उसने खेलना शुरू किया तो मैंने उसकी आंखों में गजब का आत्मविश्वास देखा था। उसी पल मुझ लगा कि वह आज आउट नहीं होने वाला। वह उस मैच में आउट ही नहीं हुआ और लगातार आगे बढ़ते रहा।

# आईपीएल से बाहर हुए सैम करन, राजस्थान रॉयल्स की मुश्किलें बढ़ीं



**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स की टीम में शामिल इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन इस माह के अंत में शुरु हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र से बाहर हो गये हैं। सैम के बाहर होने से रॉयल्स को करारा झटका लगा है। सैम के आने से माना जा रहा था कि रॉयल्स की गेंदबाजी और बल्लेबाजी मजबूत होगी पर ग्रोइन इंजरी के कारण वह भाग नहीं ले पायेंगे। ऐसे में रॉयल्स करन की जगह लेने के लिए कई विकल्पों पर विचार कर सकती है।

रॉयल्स ने संजू सैमसन के बदले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से हुई ट्रेड डील में रविन्द्र जडेजा के साथ ही सैम को भी लिया था और अब ये फैसला उसके लिए नुकसानदायक साबित हो गया। सैम टी20 विश्व कप में भी इंग्लैंड टीम में शामिल थे।

सैम ने इससे पहले पंजाब किंग्स और सीएसके की ओर से खेला है। वह साल 2023 के इंडियन प्रीमियर लीग सत्र से पहले 18.5 करोड़ रुपए में बिके सबसे महंगे खिलाड़ी थे, उन्होंने साल 2020 और 2021 में चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से था और गत सत्र से पहले 2.4 करोड़ रुपए में टीम में शामिल थे। उन्होंने 2025 में सीएके की ओर से पांच मैचों में 114 रन बनाने के साथ ही एक विकेट भी लिया था। वहीं भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी ने कहा था कि राजस्थान रॉयल्स को अनुभवी जडेजा या सैम में से किसी एक को कप्तान बनाना चाहिये था पर फ्रैंचाइजी ने युवा रियान पराग को कप्तान बनाया।

# सहवाग की तरह आक्रामकता को संतुलित करें अभिषेक : कुंबले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले ने युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को सलाह दी है कि उन्हें लंबी पारी खेलने के लिए सही संतुलतन बनाना होगा। कुंबले के अनुसार अभिषेक को बल्लेबाजी के दौरान अपनी आक्रामकता पर नियंत्रण करना होगा ताकि वह जिम्मेदारी से अपनी भूमिक निभा सकें। इसके लिए उन्हें पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग की बल्लेबाजी देखनी चाहिये। जिस प्रकार सहवाग ने अपने करियर के दौरान आक्रामकता को संतुलित कर लंबी पारियां खेली हैं। वैसा ही अभिषेक भी कर सकता हैं। अभी वह अधिकतर अधिक जोखिम उठाकर रन टीम को तेज शानदार शुरुआत दिलाते हैं पर बड़ी पारी नहीं खेल पाते।

कुंबले ने कहा, मैं उनकी तुलना सहवाग जैसे खिलाड़ी से करूंगा क्योंकि वह भी हर गेंद को स्मैश करने की कोशिश करते थे। जब वह टेस्ट क्रिकेट से एकदिवसीय क्रिकेट और फिर टी20



में आए तो उन्हें अहसास हुआ कि उन्हें अपनी पारी की गति थोड़ी अलग तरह से तय करनी होगी। हालांकि सहवाग तब भी 140-150 के स्ट्राइक रेट से खेलते थे। अभिषेक को भी इसी प्रकार की नीति अपनानी होगी। उन्हें अपने से पूछना चाहिए, मैं 200 के स्ट्राइक रेट से रन बना रहा हूं, मुझसे उम्मीदें लगी हुई हैं, तो क्या अब मुझे 300 के स्ट्राइक रेट से खेलना चाहिए या नहीं? आपको बस सामान्य रहना है। आपको ज्यादा से ज्यादा गेंदें खेलनी हैं। उन्होंने कहा, अगर वह किसी पारी में 20 गेंदें खेलते हैं तो करीब 50 रन तक पहुंच जाएंगे। हमने संजू सैमसन के साथ भी ऐसा ही देखा है, वह 40 या 50 के स्कोर पर आउट नहीं होते बल्कि पारी को और आगे ले जाकर 85-90 के स्कोर तक पहुंचते हैं और अपनी पारी को यादगार बनाते हैं। कुंबले ने कहा, टी20 प्रारूप में आपको इसी तरह की ही बल्लेबाजी की जरूरत होती है। हो सकता है अभिषेक इस सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलते हुए बदलाव लाये।

गौरतलब है कि अभिषेक टी20 विश्व कप में अधिक सफल नहीं रहे और केवल दो बार ही 50 रनों से अधिक बना पाये। अब वह 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से खेलते नजर आएंगे। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने भी कहा कि उन्हें अपनी निरंतरता पर काम करने की जरुरत है। इसका कारण है कि उनसे टीम को काफी उम्मीदें रहेंगी। उन्होंने कहा, वह अब 25 साल का है, 20 का नहीं। इसलिए यह निश्चित रूप से वह दौर है जब उसे ज्यादा जिम्मेदारी लेनी शुरू कर देनी चाहिए। मीडिया का दबाव होगा और लोग उससे और अधिक अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद करेंगे। डिविलियर्स ने कहा, हम जानते हैं कि टी20 विश्व कप के दौरान उसका प्रदर्शन थोड़ा ऊपर-नीचे रहा था, जो निराशाजनक था। फाइनल में उसने अच्छा प्रदर्शन किया। लेकिन इसके अलावा उसके लिए यह टूर्नामेंट इतना अच्छा नहीं रहा।

# आयरलैंड के स्टर्लिंग ने टी20 कप्तानी छोड़ी, एकदिवसीय में बने रहेंगे

डबलिन (ईएमएस) ।आयरलैंड के सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग ने टी20 विश्वकप की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया है हालांकि वह एकदिवसीय प्रारुप में कप्तान बने रहेंगे। स्टर्लिंग ने कहा कि उनका लक्ष्य 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप के लिए टीम में अपनी जगह पक्की रना रहेगा। इसी लिए वह टी20 प्रारुप की कप्तानी छोड़ रहे हैं। स्टर्लिंग ने कहा, इस प्रारुप में आयरलैंड की कप्तानी करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है और मुझे ऐसा करने पर बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। अपने देश की कप्तानी करना सम्मान की बात है जिसके साथ आप पर जिम्मेदारी भी आती है। कप्तानी करते हुए मुझे जो विश्वास और समर्थन मिला, उसके लिए मैं बहुत आभारी हूं। उन्होंने कहा, हालांकि मैं टी-20 कप्तानी छोड़ रहा हूं, फिर भी मैं आयरलैंड टीम के प्रति पूरी तरह समर्पित हूं और एकदिवसीय कप्तान के तौर पर अपनी जिम्मेदारी निभाता रहूंगा। एक खिलाड़ी के तौर पर मुझमें अभी भी बहुत अधिक जुनून है और मुझे लगता है कि टी20 प्रारुप की कप्तानी छोड़ने के बाद मैं और बेहतर तरीके से एकदिवसीय प्रारुप पर ध्यान दे सकूंगा। स्टर्लिंग ने 48 टी-20 मैचों में आयरलैंड की कप्तानी की है जिसमें से 20 मैच वह जीते और 26 हारे हैं। वहीं दो मैचों का कोई परिणाम नहीं आया। उन्हें साल 2023 में एंडी बालबर्नी के कप्तानी छोड़ने के बाद कप्तान बनाया गया था।

# सनराइजर्स हैदराबाद के ऑलराउंडर एडवर्ड्स चोटिल होने के कारण आईपीएल से बाहर हुए

नई दिल्ली ।सनराइजर्स हैदराबाद की टीम में शामिल ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर जैक एडवर्ड्स चोटिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19 वें सत्र से बाहर हो गये है।एडवर्ड्स को सनराइजर्स ने नीलामी में 3 करोड़ रुपए में खरीदा था।इस ऑलराउंडर ने अब तक अपने करियर में ऑस्ट्रेलिया की ओर से केवल एक मैच खेला है जिसमें उन्होंने पांच रन बनाए हैं।इस खिलाड़ी ने 77 टी20 मैचों में 57 पारियां खेलते हुए 853 रन बनाने के साथ ही 52 विकेट भी लिए हैं।एडवर्ड्स का प्रदर्शन बिग बैश लीग (बीबीएल) में काफी अच्छा रहा था।उन्होंने सिडनी सिक्सर्स के लिए 13 मैचों में 19 विकेट लिए और 133 रन बनाए।एडवर्ड्स के बाहर होने के बाद अब उनकी जगह टीम किसे रखती है ये देखना होगा।टीम के नियमित कप्तान ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस भी अब तक फिट नहीं होने के कारण शुरुआती सत्र से बाहर हैं, ऐसे में एडवर्ड्स का बाहर होना उसके लिए दूसरा झटका है।इसी कारण शुरुआती मैचों में ईशान किशन टीम की कप्तानी करेंगे।सनराइजर्स हैदराबाद का पहला मुकाबला 28 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से होगा।

# केकेआर का कोच अभिषेक ने हौंसला बढ़ाया, चौथी बार खिताब जीतने उतरे टीम

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मुख्य कोच अभिषेक नायर ने यहां अभ्यास सत्र में टीम का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि उसे इस बार खिताब जीतने के इरादे से उतरना चाहिये। नायर ने कहा कि टीम के पास चौथी बार इस खिताब को जीतने के लिए सभी



जरुरी कौशल हैं। टीम के पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज है केवल उसे एकजुट होकर खेलना है। तीन बार की आईपीएल विजेता केकेआर अपने अभियान की शुरुआत 29 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले से करेगी। केकेआर के एक वीडियो में नायर ने कहा, 'हमने काफी तैयारी की है जिसे अब अमल में लाने का समय आ गया है पिछले कुछ महीनों में हमने अपने कौशल को निखारा है। हमने पर पक्ष को लेकर बात की है। अब हमें केवल इस बात का ध्यान रखना है कि हम किस प्रकार से मानसिक रुप से तैयार होते हैं। हमें मैदान पर बिताया हर पल, का लाभ उठाना होगा।' उन्होंने कहा, 'हमें बस एक काम करना है कि जीत का लक्ष्य लेकर उतरना है। हमें वह चौथा खिताब हासिल करना है जिसके लिए हमें तैयार रहना होगा। हम हर चीज के लिए तैयार।' नायर ने इस अवसर पर यहायक कोच शेन वॉटसन और फील्डिंग कोच दिशंत याग्निक का भी टीम में स्वागत किया। ये दोनो ही इस सत्र में सहयोगी स्टाफ का हिस्सा बने हैं। साथ ही कहा कि हर कोई शेन वॉटसन को एक खिलाड़ी के तौर पर जानता है पर मैं उन्हें एक ऐसे इंसान के तौर पर जानता हूं, जिसने उनके नेतृत्व में एक खिलाड़ी के तौर पर खेला है। केकेआर ने साल 2024 में श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खिताब जीता था पर साल 2025 में आजिंक्य रहाणे की कप्तानी में टीम असफल रही थी। इस बार भी हालांकि रहाणे ही कप्तान रहेंगे।

# भारत की अंडर 20 महिला टीम एशियाई कप खेलने थाईलैंड पहुंची, दो दशक बाद किया क्वालीफाई

**बैंकॉक (एजेंसी)।** भारत की 24 सदस्यीय अंडर 20 महिला फुटबॉल टीम थाईलैंड में अगले महीने होने वाले एएफसी अंडर 20 महिला एशियाई कप से पहले पंद्रह दिन के अनुकूलन शिविर में भाग लेने शुक्रवार को यहां पहुंच गई।

भारतीय टीम ने दो दशक बाद इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। यह टीम दो अप्रैल को जापान के खिलाफ ग्रुप सी के पहले मुकाबले से पूर्व13 दिन अनुकूलन शिविर में भाग लेगी। भारत को पांच अप्रैल को आस्ट्रेलिया से और आठ अप्रैल को चीनी ताइपै से खेलना है। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और तीसरे स्थान की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल खेलेंगी। क्वार्टर फाइनल जीतने वाली टीमें पोलैंड में इस साल होने वाले फीफा अंडर 20 विश्व कप में जगह बनाएंगी।



भारतीय टीम ने इंडियन वुमैंस लीग के पहले चरण के बाद बेंगलुरू में स्वीडिश कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन के मार्गदर्शन में अभ्यास किया है। इसके अलावा स्वीडन में एक महीने का अभ्यास शिविर भी लगा था। भारत ने स्वीडन की सीनियर टीम के खिलाफ पांच दोस्ताना मैच भी खेले। यूरोप से आने के बाद टीम ने कोलकाता में अभ्यास शिविर में भी भाग लिया।

**भारतीय टीम**

गोलकीपर : मोनालिसा देवी एम, नंदिनी, रिबांसी जामू


डिफेंडर : अलका इंदवार, सिंडी आर कोलनी, निशिमा कुमारी, रेमी थोकचोम, रूचि यादव, सहीना टीएच, शुभांगी सिंह, टी चानू तोइजाम

मिडफील्डर : अंजू चानू कायेनपेइबाम, अरिना देवी एन, भूमिका देवी, मोनिशा सिंघा, नेहा, पूजा, श्रुति कुमारी

फॉरवर्ड : बबीता कुमारी, दीपिका पाल, लिंगदेइकिम, शिलजी शाजी, सिबानी देवी एन, सुलांजना राउल

# अभ्यास मैच में शमी, आवेश ने खोले हाथ, ऋषभ का आक्रामक अंदाज

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की टीम ने गुरुवार को यूपी 20 लीग की टीम काशी रुद्रा के साथ अभ्यास मैच में अपने हाथ खोले।स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्रिकेट अकादमी के मैदान पर एलएसजी बनाम केआर इलेवन अभ्यास मैच खेला गया जिसमें तेज गेंदबाज मो. शमी, मोहसिन खान, आवेश खान और बल्लेबाज मुकुल चौधरी काशी रुद्रा के खिलाड़ियों के साथ खेले। जबकि कप्तान ऋषभ पंत दोनों टीमों से बैटिंग करने उतरे। पहले बल्लेबाजी करने आई एलएसजी की टीम से ऋषभ पंत, अर्शीन कुलकर्णी और शहबाज अहमद ने आक्रामक पारी खेली। केआर इलेवन की ओर से मो. शमी,



आवेश खान और मोहसिन ने अपनी स्विंग और बाउंसर से चकित किया। लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत व मुकुल चौधरी और काशी रुद्रा के शुभम व अभिषेक ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और मैदान के चारों ओर शॉट लगाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। एलएसजी की ओर से मयंक यादव, दिग्वेश राठी, शहबाज, अर्जुन ने बेहतरीन गेंदबाजी की। एलएसजी के खिलाड़ियों को खेलते देख अकादमी के नन्हें क्रिकेटर भी चीयर करने पहुंचे। कुछ खिलाड़ियों ने बच्चों को आटोग्राफ भी दिए और फोटोज खिंचवाई। टीम प्रबंधन के मुताबिक लखनऊ सुपर जायंट्स के सभी भारतीय खिलाड़ी पहले ही टीम से जुड़ चुके हैं, शुक्रवार से ओवरसीज खिलाड़ियों का आना भी शुरू हो जाएगा। इसके बाद अभ्यास में और तेजी आएगी।

# कजाकिस्तान की मेजबानी कर रहा है हॉकी इंडिया



नई दिल्ली ।हॉकी इंडिया ने कजाकिस्तान की सीनियर पुरुष हॉकी टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया।यह टीम अभी भारत में है और 10 से 21 मार्च, 2026 तक हरियाणा के सोनीपत में भारतीय खेल प्राधिकरण (स्ढ्ढ) के उत्तरी क्षेत्रीय केंद्र में एक हाई-परफॉर्मेंस ट्रेनिंग कैंप में हिस्सा ले रही है। यह कैंप आने वाले एशियन गेम्स क्वालिफायर्स 2026 की तैयारियों का हिस्सा है। भारत के सबसे बेहतरीन हॉकी ट्रेनिंग केंद्रों में से एक में आयोजित यह कैंप, विश्व-स्तरीय सिंथेटिक टर्फ, आधुनिक कंडीशनिंग सुविधाएँ और एक बेहद प्रतिस्पर्धी माहौल प्रदान करता है। यह कजाकिस्तान को एक अहम कॉन्टिनेंटल मुकाबले से पहले अपनी तैयारियों को और बेहतर बनाने के लिए एक आदर्श मंच देता है।यह पहल भारत सरकार, युवा मामले और खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के उस विजन के अनुरूप है, जिसके तहत अंतरराष्ट्रीय टीमों की मेजबानी और उन्हें सहयोग देकर देश को खेल उत्कृष्टता के एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सके। यह ओलंपिक आंदोलन के सिद्धांतों को भी दर्शाता है, जो सीमाओं के पार सहयोग और एथलीटों के विकास को बढ़ावा देता है। भारत में अभ्यास करने के बारे में बात करते हुए, कज़ाकिस्तान की कोच ओल्गा उरमानोवा ने कहा, ' 'हमें भारतीय खेल प्राधिकरण के उत्तरी क्षेत्रीय केंद्र, सोनीपत में आकर बहुत खुशी हुई है।यहां हमारी टीम का बहुत ही मेहमाननवाज तरीके से स्वागत किया गया है।कुल मिलाकर, भारत में हॉकी का स्तर बहुत ऊँचा है, और यही वजह है कि हमने यहां आने का फैसला किया-ताकि हम सीख सकें, यहाँ के माहौल में ढल सकें और आगे बढ़ सकें।हीरो एशिया कप 2025 के दौरान बिहार के राजगीर में खेलने के बाद, यह हमारी भारत की दूसरी यात्रा है, और एक बार फिर, हमारा अनुभव अमूल्य रहा है।'

# रोहित, धोनी सहित ये खिलाड़ी एक बार भी नहीं हासिल कर पाये ऑरेंज कैप

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल का 19 वां सत्र इस माह के अंत में शुरु होने जा रहा है। जिसमें दस टीमो के बीच खिताब मुकाबला होगा। इस दौरान सबसे अधिक रनों के लिए बल्लबाज को ऑरैंज कैप दी जाती है। रोहित शर्मा,महेन्द्र सिंह धोनी सहित कई बल्लेबाज ऐसे भी रहे हैं जो टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने के बाद भी कभी ऑरेंज कैप नहीं जीत पाए। इसका कारण ये ही है कि ये बल्लेबाज एक सत्र में रनों के मामले में नंबर एक पर नहीं रहे।

**रोहित शर्मा**

रोहित शर्मा की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने पांच बार खिताब जीता है। वह आईपीएल इतिहास में विराट कोहली 8661 के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं इसके बाद भी उन्हें आज तक ऑरैंज कैप नहीं मिली है। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में 272 मैच खेलकर 7046 रन बनाए हैं, मगर फिर भी कभी ऑरेंज कैप नहीं जीती। रोहित का लक्ष्य इस बार अधिक से अधिक रन बनाकर ये खिताब जीतना रहेगा।

**महेन्द्र सिंह धोनी**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को पांच बार खिताब जिताने वाले पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने भी आईपीएल में 5439 रन बनाये हैं। उन्होंने कई मौकों पर सीएसके को हारी हुई बाजी जिताई है, मगर वह कभी भी ऑरेंज कैप नहीं जीत पाए है।

**सुरेश रैना**

चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज सुरेश रैना ने भी भी अपने आईपीएल करियर में 200 से अधिक मैच खेले, मगर कभी एक सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाकर ऑरैंज कैप नहीं जीत पाए। रैना ने 205 आईपीएल मैचों मं 5528 रन बनाए मगर कभी ऑरेंज कैप नहीं जीत पाए।

**शिखर धवन**

शिखर धवन ने भी आईपीएल में काफी रन बनाये है मगर कभी वह ऑरेंज कैप नहीं जीत पाए। शिखर धवन ने अपने आईपीएल करियर में मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद और पंजाब जैसी टीमों के लिए खेला। वह 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद में रहते हुए ट्रॉफी उठाने में भी सफल रहे। धवन ने 222 आईपीएल मैच खेलकर 6769 रन बनाए मगर एक सत्र में नंबर एक न होने के काण ऑरेंज कैप नहीं जीत पाए।

**एबी डी विलियर्स**

दिल्ली कैपिटल्स (दिल्ली डेयरडेविल्स पुराना नाम) से आईपीएल में डेब्यू करने वाले एबी डी विलियर्स डी वीलियर्स पहले तीन साल दिल्ली के लिए खेलने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से खेलने लगे। इस लीग में 14 सत्र खेलकर डी विलियर्स ने 5000 से अधिक रन बनाये पर कभी ऑरेंज कैप



नहीं जीत पाए। एबी डी विलियर्स ने अपने आईपीएल करियर में कुल 5162 रन बनाए थे।

# भारत 2028 विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप की करेगा मेजबानी

नयी दिल्ली।भारत 2028 विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा।ये खेल ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित किये जाये।भारत की मेजबानी वाली बोली को विश्व एथलेटिक्स परिषद की गुरुवार को पोलैंड के टोरून में हुई बैठक में मंजूरी दी। इससे पहले जनवरी में वर्ल्ड एथलेटिक्स की टीम ने भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम कॉम्प्लेक्स के इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया था।भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने जनवरी 2026 में इस चैंपियनशिप के लिए अपनी बोली पेश की थी।इसके तुरंत बाद, उसी महीने वैश्विक एथलेटिक्स संस्था की दो-सदस्यीय टीम ने भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम परिसर में स्थित इंडोर सुविधा का दौरा किया था। केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने इस घटनाक्रम पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, 'यह जानकर बहुत खुशी हुई कि ओडिशा का भुवनेश्वर 2028 विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप की मेज़बानी करेगा।' भारत इस चैंपियनशिप की मेज़बानी करने वाला चौथा एशियाई देश बन जाएगा। जापान (1999), कतर (2010) और चीन (2025) अन्य एशियाई देश हैं जिन्होंने इस प्रतियोगिता की मेजबानी की है।

## 'मातृभूमि' में दिखेगा नया रोमांटिक रंग, 'चांद देख लेना' के टीजर में दिखी सलमान खान

# चित्रांगदा सिंह

## की जबरदस्त केमिस्ट्री



बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान एक बार फिर अपने फैंस के लिए कुछ खास लेकर आए हैं. उनकी अपकमिंग फिल्म मातृभूमि का नया गाना चांद देख लेना का टीजर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है. इस छोटे से टीजर ने ही फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट को कई गुना बढ़ा दिया है, क्योंकि इसमें रोमांस, इमोशन और म्यूजिक का जबरदस्त मेल देखने को मिल रहा है. टीजर की शुरुआत ही ऐसे विजुअल्स से होती है जो सीधे दिल को छू जाते हैं.सलमान खान की अपकमिंग फिल्म मातृभूमि, जिसे पहले बैटल ऑफ गलवान के नाम से जाना जाता था एक वॉर ड्रामा है, जो भारत-चीन के बीच हुए गलवान संघर्ष पर बेस्ड है. अपूर्व लाखिया की डायरेक्शन




में बनी इस फिल्म में सलमान खान एक आर्मी ऑफिसर के रोल में नजर आने वाले हैं. फिल्म में सलमान के साथ पहली बार चित्रांगदा सिंह नजर आएंगी. गाने की बात करें, तो सलमान ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर चांद देख लेना गाने का टीजर शेयर किया है.

**फ्रेश आवाज से बढ़ी एक्साइटमेंट**

चांद देख लेना गाने को निहाल टौरो और अंकोना मुखर्जी ने आवाज दी है, जो एक फ्रेश जोड़ी की आवाज बनकर सामने आने वाले हैं. म्यूजिक की बात करें तो फिल्म का संगीत हिमेश रेशमिया ने तैयार किया है, जो पहले भी कई हिट गाने दे चुके हैं. वहीं इस फिल्म का पहला देशभक्ति गीत मातृभूमि पहले ही लोगों को काफी पसंद आ चुका है, और अब चांद देख लेना के टीजर ने उम्मीदों को और बढ़ा दिया है.

**टीजर ने जीता लोगों का दिल**

14 सेकेंड के इस टीजर के रिलीज होते ही फैंस सोशल मीडिया पर जमकर रिएक्शन दे रहे हैं. कई यूजर्स इसे इमोशनल और दिल को छू लेने वाला बता रहे हैं, तो कुछ का कहना है कि यह गाना फिल्म का सबसे खास हिस्सा साबित हो सकता है.

फिल्म के साथ ही साथ इस गाने में सलमान और चित्रांगदा की केमेस्ट्री देखने के लिए लोग काफी बेताब हैं. हालांकि, गाना रिलीज कब होगा इस बात की जानकारी सामने नहीं आई है. फिल्म की बात करें, तो ये 14 अगस्त, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है.



# श्रेया घोषाल

## ने जोड़े सलमान खान के सुपरहिट गाने से हाथ, बताई Fevicol Se रिजेक्ट करने की वजह

हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे पॉपुलर सिंगर में से एक श्रेया घोषाल अक्सर अपने गानों की वजह से सुर्खियों में रहती हैं. बीते दिनों श्रेया घोषाल ने अपने गाने 'चिकनी चमेली' को लेकर बात की थी और कहा था कि उस तरह के गाने वो अब और नहीं गाएंगी. इसी बीच अब सिंगर ने एक और पॉपुलर गाने को लेकर खुलासा किया है कि सलमान खान का वो सॉन्ग उन्हें ऑफर हुआ था. लेकिन श्रेया घोषाल ने इसे गाने से इनकार कर दिया था. श्रेया घोषाल ने बताया कि एक बार उन्होंने फिल्म 'दबंग 2' का मशहूर गाना 'फेविकोल से' गाने से रिजेक्ट कर दिया था.




श्रेया घोषाल ने हाल ही में राज शमानी के साथ बातचीत के दौरान उस वजह के बारे में बताया, जिसकी वजह से उन्होंने उस गाने से पीछे हटने का फैसला किया था, भले ही वो एक बड़े बॉलीवुड प्रोजेक्ट का हिस्सा था. श्रेया घोषाल ने खुलासा किया कि 'फेविकोल से' गाने के बोल उन्हें सुनकर अजीब लग रहा था, जिसकी वजह से उन्होंने इसे रिकॉर्ड न करने का फैसला किया.

**क्यों रिजेक्ट किया फेविकोल से ?**

सलमान खान की दबंग 2 के गाने 'फेविकोल से' पर बात करते हुए श्रेया घोषाल ने कहा, उस फिल्म में एक गाना था, जिसमें बहुत ज्यादा ऑब्जेक्टिफिकेशन था. ये बिल्कुल भी सटल नहीं था ङ्क ये कुछ ऐसा था जैसे चिकन बना के खा ले और ये करके लिपट ले मैं ये शब्द बोल भी नहीं सकती. इसे सुनकर मेरा चेहरा शर्म से लाल हो जाता है. मैं ऐसा नहीं कर सकती. इसलिए कुछ ऐसे पल आए जब मैं हाथ जोड़कर वहां से चली गई.

**बना बॉलीवुड का सबसे हिट आइटम नंबर**

हालांकि, ये गाना फिल्म के सबसे मशहूर डांस नंबर्स में से एक बन गया और इसमें करीना कपूर खान एक स्पेशल अपीयरेंस में नजर आई. श्रेया की बात करें तो उनके प्लेबैक सिंगिंग के सफर की शुरुआत संजय लीला भंसाली की फिल्म 'देवदास' से हुई, जिसका संगीत इस्माइल दरबार ने तैयार किया था. इस फिल्म के उनके गाने 'बैरी पिया' के लिए उन्हें 'बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर' का नेशनल अवॉर्ड मिला और यहीं से उनके सक्सेसफुल करियर की शुरुआत हुई.

## विकी कौशल ने स्टेज पर पत्नी को लेकर ऐसा क्या कहा, जो फैंस ने लगा डाली क्लास




बॉलीवुड एक्टर विकी कौशल आखिरी बार साल 2025 में रिलीज हुई फिल्म 'छावा' में नजर आए थे. इस ब्लॉकबस्टर मूवी से विकी कौशल ने खूब तारीफें बटोरीं. एक बार फिर विकी कौशल सुर्खियों में आ गए हैं और इसकी वजह है उनका वायरल वीडियो. इन दिनों विकी कौशल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है. इस वीडियो में एक्टर ने कुछ ऐसा कह डाला, जिसकी वजह से उन्हें ट्रोल होना पड़ रहा है. दरअसल, विकी कौशल हाल ही में एक शादी में शामिल हुए और इस दौरान उन्होंने इनडायरेक्टली पत्नी को लेकर एक मजाक (वाइफ जॉक्स) कर डाला, जिसकी वजह से उनकी ऑनलाइन काफी आलोचना हो रही है.

बॉलीवुड स्टार विकी कौशल और कटरीना कैफ इंडस्ट्री के सबसे पसंदीदा कपल्स में से एक हैं. अक्सर दोनों एक दूसरे पर खूब प्यार लुटाते हुए नजर आते हैं. हालांकि, हाल ही में एक शादी में विकी का पत्नी पर मजाक करते हुए एक वीडियो ऑनलाइन सामने आया है, जिसकी वजह से इंटरनेट पर कई लोगों ने उन्हें क्रिटिसाइज करना शुरू कर दिया. उस वीडियो में आखिर ऐसा क्या था, आइए जानते हैं.

**विकी का वायरल वीडियो**

इस वायरल क्लिप में विकी दूल्हे के पिता से मजाकिया अंदाज में बात कर रहे हैं और दूल्हे से पूछने के लिए कह रहे हैं, हाउ इज द जोश? जब ऑडियंस ने हाई, सर! कहा, तो विकी ने मजाक में कहा, मैंने ये देखा है कि बैचलर्स का जोश हमेशा हाई रहता है. हम शादी-शुदा लोगों का जोश साल दर साल गिरता रहता है. पर टेंशन लेने की बात नहीं है, 4 दिन में जोश कम नहीं होता.

**नेटिजन्स ने लगाई क्लास**

सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो में लोगों को इनडायरेक्टली वाइफ पर जोक्स करना अच्छा नहीं लगा और लोगों ने उनकी जमकर क्लास लगाई. एक यूजर ने लिखा ङ्क साल 2026 आ गया है और हम अभी भी औरतों के खिलाफ शादी का मजाक उड़ाने वाले जोक्स कर रहे हैं. इन्हें तो 2016 में 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' में ही छोड़ देना चाहिए था. दूसरे ने कमेंट किया ङ्क मुझे ये बिल्कुल पसंद नहीं आता जब मर्द सबके सामने अपनी शादी का मजाक उड़ाते हैं.

## Sara Ali Khan अब नहीं जा पाएंगी केदारनाथ? देना होगा एफिडेविट, कंगना बोलीं- सब सनातनी हैं, लिखने में क्या...




बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान महादेव की बहुत बड़ी भक्त हैं. अपनी डेब्यू फिल्म 'केदारनाथ' के बाद से ही बाबा केदारनाथ में गहरी आस्था रखती हैं, साथ ही अक्सर वहां जाती हैं. अपनी इस यात्रा की तस्वीरें भी वो फैन्स के साथ शेयर करती रही हैं. मुस्लिम परिवार से होने के बावजूद महादेव में उनकी गहरी आस्था देखने को मिलती हैं. केदारनाथ के अलावा उज्जैन और दूसरे ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करती नजर आती हैं. सोशल मीडिया पर अक्सर ट्रोल होने के बावजूद सारा को उनकी आस्था और सादगी के लिए सराहा जाता रहा है. पर क्या वो अब केदारनाथ नहीं जा पाएंगी. उन्हें चार धाम यात्रा से पहले यह काम करना होगा, जानिए पूरा मामला क्या है?

दरअसल बद्री-केदार मंदिर समिति ने एक नया नियम लागू किया है. अब नॉन हिंदू विजिटर्स को बद्रीनाथ और केदारनाथ में पूजा-अर्चना करने के लिए एक एफिडेविट देना होगा. जिसमें उन्हें हिंदू धर्म में अपनी आस्था का प्रमाण देना होगा. यह आदेश सभी नॉन हिंदू विजिटर्स पर लागू होता है, जिसमें सारा अली खान भी शामिल हैं, जो अक्सर केदारनाथ जाती रहती हैं. इस मामले पर कंगना रनौत का बयान भी सामने आया है.

**मैं अपने ऑटोमैटिक लॉक सिस्टम से खुश हूं**

जब कृष्णा टास्क हारकर बाहर आईं, तो सभी ने उन्हें घेर लिया. आरुषि चावला ने मजाकिया अंदाज में कहा, हमें पता है कि वो अमीर हैं, लेकिन इतनीॽ जब कृष्णा से पूछा गया कि क्या उन्होंने सच में अपनी पूरी जिंदगी में कभी चाबी से ताला नहीं खोला है, तब कृष्णा ने बड़ी सादगी से अपनी 'लक्जरी लाइफ' की हकीकत बयां की.

**सारा अली खान को देना होगा एफिडेविट**

अब बद्री-केदार मंदिर समिति ने नए नियम लागू कर दिए हैं. अब अगर एक्ट्रेस सारा अली खान को केदारनाथ और बद्रीनाथ मंदिरों में पूजा-अर्चना जारी रखनी है, तो फिर इसके लिए एक एफिडेविट देना होगा. समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि केदारनाथ और बद्रीनाथ मंदिरों में दर्शन के इच्छुक सभी नॉन-हिंदू विजिटर्स को एफिडेविट देना अनिवार्य होगा. जिसमें वो हिंदू धर्म में अपनी आस्था का प्रमाण देंगे. PTI के मुताबिक, नॉन-हिंदू विजिटर्स, जिनका सनातन धर्म में विश्वास है, और वो लिखकर देते हैं, जिसमें कहा गया हो- मैं एक सनातनी हूं, मैं हिंदुत्व में विश्वास रखती हूं', उन सभी का स्वागत है.इस दौरान यह भी क्लियर किया गया कि, दर्शन करने आ रहे लोगों को एक लिखित प्रमाण देना होगा. जिसमें हिंदू धर्म में उनकी आस्था का जिक्र हो. यह नियम उन सभी गैर-हिंदू भक्तों पर लागू होगी, जो इन दोनों मंदिरों में से किसी में भी पूजा-अर्चना के लिए आते हैं.

## आरजी कर मेडिकल कॉलेज में फंसी लिफ्ट, दम घुटने से मरीज के परिजन की मौत

कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में शुक्रवार तड़के ट्रामा केयर सेंटर की लिफ्ट में फंसने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और प्रबंधन की लापरवाही को लेकर तनाव फैल गया। जानकारी के मुताबिक मृतक अस्पताल में भर्ती मरीज का परिजन बताया जा रहा है, जो पांचवीं मंजिल पर जाने के लिए लिफ्ट में सवार हुआ था। अचानक तकनीकी खराबी के कारण लिफ्ट बीच में ही अटक गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आरोप है कि उस समय लिफ्ट का संचालन करने के लिए कोई ऑपरेटर वहां मौजूद नहीं था, जिसके कारण समय रहते उसे बाहर नहीं निकाला जा सका और लिफ्ट के अंदर ही उसने दम तोड़ दिया। सुबह घटना की खबर फैलते ही मृतक के परिजनों और अन्य मरीजों के रिश्तेदारों ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया और सुरक्षा पर सवाल उठाए। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। अस्पताल सूत्रों का कहना है कि लिफ्ट में ऑपरेटर की अनुपस्थिति और तकनीकी खराबी के सही कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## उत्तरप्रदेश के कई जिलों में बारिश से बिगड़े हालात... ओले गिरने से किसान चिंतित

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को मौसम बिगड़ गया। लखनऊ में सुबह 10 बजे अचानक अंधेरा छा गया। इसके बाद तेज हवा के साथ बारिश हुई। कुछ इलाकों में ओले भी गिरे। अयोध्या, बाराबंकी, सीतापुर और सिद्धार्थनगर में भी तेज बारिश के साथ ओले गिरे। इसके पहले प्रयागराज और मथुरा में तेज बारिश हुई। इतना ही नहीं धूलभरी आंधी चली। कई जगह सड़कों पर पानी भर गया। स्कूली बच्चे और दफ्तर के लिए निकले लोग रेनकोट और छातों के साथ नजर आए। कानपुर, नोएडा, आगरा, अलीगढ़, मेरठ सहित 25 से ज्यादा जिलों में रुक-रुक कर बारिश हुई। काशी में आंधी के साथ बूंदाबांदी हुई। घाटों पर दुकान लगाने वाले लोग सामान समेटकर लौट गए। वहीं, प्रयागराज, बलरामपुर, बहराइच और मिर्जापुर में आकाशीय बिजली गिरने से 3 किसानों सहित 5 की मौत हो गई। कई जगह गेहूं की खड़ी फसलें गिर गईं। किसानों का कहना है कि बेमौसम बारिश से सरसों और आलू की फसल भी खराब हो सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने की वजह से पूरे प्रदेश में मौसम बदल गया है। अगले 2 दिन मौसम ऐसे ही बिगड़ा रहेगा। 40 किमी/घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

## वाराणसी में कॉलेज कैंपस में छात्र की गोली मारकर हत्या, पुलिस हत्यारे की तलाश में जुटी

वाराणसी (एजेंसी)। वाराणसी के उदय प्रताप कॉलेज में शुक्रवार सुबह बीएससी छात्र की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या से हड़कंप मच गया। घटना करीब साढ़े 10 बजे कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के बाहर हुई, जहां हमलावर ने छात्र सूर्य प्रताप सिंह (23) पर चार गोलियां दागीं। घायल छात्र को बीएचयू ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने छात्र को मृत घोषित किया। इस घटना के बाद परिसर में तनाव फैल गया और आक्रोशित छात्रों ने जमकर हंगामा किया। कॉलेज के अंदर कुर्सियां तोड़ी गईं, जबकि बाहर दुकानों और वाहनों में तोड़फोड़ की गई। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने कॉलेज का मुख्य गेट बंद कर आसपास की करीब 150 दुकानों को भी बंद कराया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सात थानों की पुलिस फोर्स तैनात की गई। करीब तीन घंटे बाद गेट खोला गया, लेकिन बाहर निकलते समय छात्रों ने फिर पथराव शुरू कर दिया, जिसमें तीन प्रोफेसर घायल हो गए। पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया। पुलिस के अनुसार, मृतक गाजीपुर का निवासी था और सेकेंड ईयर का छात्र था, जबकि आरोपी मंजीत सिंह, बीए सेकेंड ईयर का छात्र, वाराणसी के चांदमारी क्षेत्र का रहने वाला है। आरोपी फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए छह टीमें गठित की गई हैं। घटना के बाद परिजनों और छात्रों में गहरा शोक और आक्रोश है।

## शिल्पा शेट्टी को 12.5 करोड़ रुपए के गिफ्ट मामले में बड़ी राहत

मुंबई (एजेंसी)। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी को 12.5 करोड़ रुपए के गिफ्ट मामले में बड़ी राहत मिली है। यह मामला उनके पति राज कुंद्रा द्वारा दिए गए गिफ्ट से जुड़ा था। साल 2019-20 में इनकम टैक्स अधिकारियों ने यह राशि शिल्पा की इनकम में जोड़ दी थी, क्योंकि उन्हें यह अनक्लियर क्रेडिट लगा। जांच में पाया गया कि गिफ्ट डीड और पैन डिटेल्स से केवल लेन-देन की पुष्टि नहीं होती, और गिफ्ट देने वाले की क्रेडिटवर्थनेस भी साबित नहीं हो सकी। इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल (आईटीएटी) की मुंबई बेंच ने कहा कि गिफ्ट डीड में भुगतान का तरीका, बैंक डिटेल्स या रकम ट्रांसफर करने का विवरण नहीं दिया गया था। शिल्पा ने गिफ्ट डीड, पैन डिटेल्स और पति की इनकम टैक्स रिटर्न की रसीद पेश की, लेकिन उनके पति की आय 27.7 लाख रुपए दिखी, जो दिए गए 12.5 करोड़ रुपए से मेल नहीं खाती। शिल्पा ने यह भी दावा किया कि उनके पति को विदेशी संस्था से फंड मिला था, लेकिन टैक्स रिटर्न में सही विवरण नहीं था। आईटीएटी ने शिल्पा को राहत दी, लेकिन मामले की दुबारा जांच के निर्देश भी दिए। जांच अधिकारी को निर्देश हैं कि वे शिल्पा के बैंक और फाइनेंशियल रिकॉर्ड की पूरी समीक्षा करें और उन्हें गिफ्ट की सच्चाई साबित करने का मौका दें। इनकम टैक्स की धारा 68 के तहत टैक्सदाता की जिम्मेदारी होती है कि वह प्राप्त राशि की पहचान, सच्चाई और क्रेडिटवर्थनेस साबित करे। बेंच ने स्पष्ट किया कि केवल दस्तावेजी प्रक्रिया गिफ्ट की वास्तविकता साबित करने के लिए पर्याप्त नहीं है।

## जुबीन गर्ग मौत मामले में रोजाना सुनवाई, सीएम सरमा ने किया फास्ट-ट्रैक कोर्ट का गठन

गुवाहाटी (एजेंसी)। असम सरकार ने चर्चित सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में विशेष फास्ट-ट्रैक कोर्ट का गठन किया है, जो इस मामले की रोजाना सुनवाई करेगा। यह जानकारी मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने एक्स पर दी। उन्होंने विशेष फास्ट-ट्रैक कोर्ट के गठन को न्याय प्रक्रिया को तेज करने और लंबी देरी से बचने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया। असम के गुवाहाटी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने बक्सा जिले की जिला जज शर्मिला भुयान को फास्ट-ट्रैक कोर्ट का जिम्मा सौंपा है। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि इस पहल से न्याय व्यवस्था और मजबूत होगी और उन्होंने जस्टिस आशुतोष कुमार व चीफ जस्टिस का धन्यवाद किया।

# राज्यसभा चुनाव में बीजेपी की ओर से मिला था ऑफर, जिसे ठुकरा दिया

### –कांग्रेस विधायक अभिषेक रंजन का दावा, बिहार की राजनीति गरमाई



**पटना (एजेंसी)।** चनपटिया से कांग्रेस विधायक अभिषेक रंजन का दावा सिर्फ एक बयान नहीं, बल्कि बड़ा राजनीतिक संकेत है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में उन्हें बीजेपी की ओर से ऑफर मिला, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया। उनके मुताबिक यह सिर्फ सत्ता की लड़ाई नहीं, बल्कि सिद्धांत और विचारधारा का सवाल था। उन्होंने साफ किया कि पार्टी उनके लिए सर्वोपरि है और किसी भी प्रलोभन को उन्होंने स्वीकार नहीं किया। यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब कांग्रेस के कई विधायकों की अनुपस्थिति चर्चा में है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राज्यसभा चुनाव के दौरान महागठबंधन को उस वक्त झटका लगा, जब उसके चार विधायक वोटिंग में शामिल नहीं हुए। इनमें तीन कांग्रेस और एक राजद विधायक हैं। वोटिंग के दिन इन विधायकों के फोन बंद रहे और वे संपर्क से बाहर बताए गए। यह स्थिति सामान्य राजनीतिक असहमति से कहीं ज्यादा गंभीर मानी जा रही है। सवाल उठ रहा है कि यह महज संयोग था या फिर किसी सुनियोजित रणनीति का हिस्सा। यहीं से ऑपरेशन लोटस जैसे आरोपों को भी हवा मिलती दिख रही है।

बिहार में राज्यसभा की पांचों सीटों पर एनडीए की जीत ने इस पूरे विवाद को और गहरा दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत एनडीए के सभी उम्मीदवार विजयी रहे। इसके साथ ही नितिन नबीन, रामनाथ ठाकुर, उपेंद्र कुशवाह और सिवेश राम ने भी जीत दर्ज की। महागठबंधन के लिए यह परिणाम राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक दोनों स्तरों पर झटका है। खासतौर पर तब जब संख्या बल के बावजूद एकजुटता पर सवाल उठे हों। नतीजों ने इस पूरे घटनाक्रम को महज चुनाव नहीं, बल्कि रणनीतिक खेल बना दिया। अभिषेक रंजन के 'ऑफर' वाले बयान ने अनुपस्थित विधायकों की भूमिका पर सवाल खड़े किए। उन्होंने संकेत दिया कि विधायकों को प्रभावित करने की कोशिशें हो सकती हैं। सिर्फ वोट नहीं, बल्कि अनुपस्थित रहने के लिए भी प्रलोभन दिए जाने की बात कही गई। हालांकि उन्होंने किसी विशेष विधायक पर सीधा आरोप लगाने से परहेज किया।

उन्होंने यह जरूर कहा कि मौजूदा माहौल में हॉर्स ट्रेडिंग की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इससे यह बहस और तेज हो गई है कि क्या लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित हुई। विधायकों की अनुपस्थिति ने नेतृत्व और समन्वय की स्थिति पर बहस छेड़ दी है। तीन महीने पहले चुनावी झटका झेल चुके तेजस्वी यादव के लिए यह स्थिति और चुनौतीपूर्ण मानी जा रही है। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा है कि क्या गठबंधन के भीतर भरोसे की कमी उभर रही है। हालांकि आधिकारिक तौर पर अभी तक स्पष्ट जवाब सामने नहीं आया है। लेकिन चुप्पी और विरोधाभासी संकेतों ने सस्पेंस को और गहरा कर दिया है।

## चीन के आसमान से एयर इंडिया की फ्लाइट ने लिया यू-टर्न, 4 घंटे बाद वापस दिल्ली लौटा विमान



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से कनाडा के वैंकूवर के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-185 को चीन के आसमान से अचानक वापस लौटना पड़ा। करीब चार घंटे का सफर तय करने के बाद विमान ने बीच रास्ते से ही यू-टर्न ले लिया, जिसके चलते न केवल वैंकूवर जाने वाले यात्री परेशान हुए, बल्कि वैंकूवर से कोलकाता होते हुए दिल्ली आने वाली वापसी की उड़ान को भी रद्द करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, यह विमान गुरुवार सुबह लगभग 11:30 बजे दिल्ली से रवाना हुआ था। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और युद्ध की स्थितियों को देखते हुए इस उड़ान के मार्ग में बदलाव किया गया था। निर्धारित योजना के तहत विमान को म्यांमार, चीन, पूर्वी चीन सागर, जापान और अलास्का की खाड़ी के ऊपर से होते हुए वैंकूवर पहुंचना था। लेकिन जब विमान चीन के क्यूजिंग शहर के ऊपर उड़ान भर रहा था, तब कुछ ऐसी परिस्थितियां बनीं कि पायलट को मिशन बीच में ही छोड़ने का फैसला लेना पड़ा। दोपहर करीब 3:30 बजे विमान ने क्यूजिंग के ऊपर से मोड़ लिया और वापस दिल्ली की ओर रुख किया। करीब चार घंटे की उड़ान के बाद यू-टर्न लेने वाला यह विमान कल शाम 7:30 बजे वापस दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड कर गया। हालांकि, एयरलाइन की ओर से इस अचानक यू-टर्न के सटीक तकनीकी या परिचालन कारणों का खुलासा आधिकारिक तौर पर नहीं किया गया है, लेकिन एयरपोर्ट सूत्रों का कहना है कि विपरीत परिस्थितियों के चलते सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया। इस घटनाक्रम के कारण अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। एयर इंडिया अब प्रभावित यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने में जुटी है। इस मार्ग पर उड़ानों के रद्द होने से अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात पर भी असर पड़ा है।

## बिहार में गैस संकट के बीच श्मशान के कोयले से जल रही होटलों, रेस्टोरेंट के साथ स्ट्रीट फूड वालों की भटटी

### –इसी श्मशान के कोयले से ही अगरबत्ती बनाई जाती

**पटना (एजेंसी)।** इंसान की हड्डियां मरने के बाद चिंता पर जल जाती है। लेकिन क्या आपकों पता हैं कि श्मशान में सब कुछ बिक जाता है। बड़ा कोयला होटलों में और छोटा अगरबत्ती की फैक्ट्रियों में भेज दिया जाता है। बिस्किट की फैक्ट्रियों में भी इस कोयला से सब तैयार होता है। एक, दो नहीं बिहार में बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां भी इसी कोयले से माल तैयार कर रही हैं। इसी कोयले से बनी अगरबत्ती कई राज्यों में जा रही है। गुलाब, केवड़ा, चंदन से लेकर जो भी फ्लेवर हो, लेकिन अंदर, तब हमारा दिया बुरादा होता है।

श्मशानों का कोयला होटल और फैक्ट्रियों में सप्लाई करने वाले एजेंट्स का खुलासा हैरान करने वाला है। एजेंट्स सेहत के साथ आस्था से भी खेल रहे हैं। देश में अगरबत्ती का 10 से 12 हजार करोड़ का कारोबार है। इसमें इकलौते बिहार में 800 से 1500 करोड़ का कोराबार है।

रिपोर्ट के अनुसार गैस संकट के बीच बिहार के होटलों और रेस्टोरेंट के साथ स्ट्रीट फूड के वेंडरों तक श्मशान के कोयले की सप्लाई हो रही है। नेटवर्क को एक्सपोज करने के लिए हमारी टीम ने होटल संचालक और फैक्ट्री मालिक बनकर डील की। हम पटना, गया, नालंदा, वैशाली, सारण, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण सहित 12 जिलों में गए। बड़े पैमाने पर होटलों में श्मशान के कोयले की सप्लाई चेन के साथ अगरबत्ती फैक्ट्री का भी खुलासा हुआ। श्मशान से कोयला सप्लाई करने वाला पूरा सिंडिकेट काम कर रहा है। कोयला सप्लाई के लिए एजेंट्स ने अलग-अलग गाड़ियां भी लगा रखी हैं।

रिपोर्ट के अनुसार पटना के बांस घाट में मौजूद एक एजेंट से हुई बातचीत में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए। होटलों में श्मशान के कोयले की सप्लाई की डील के दौरान ही इस एजेंट ने अगरबत्ती की फैक्ट्रियों में कोयला सप्लाई करने का खुलासा भी किया। एजेंट ने बताया कि कोयले से अगरबत्ती बनाई जाती है। यहां से कोयला दूर-दूर तक जाता है।

# चुनाव आयोग की प्रशासनिक सर्जरी से नाखुश ममता सरकार... पहुंची कलकत्ता हाईकोर्ट

### टीएमसी नेता कल्याण बनर्जी ने दायर की याचिका



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल चुनाव से पूर्व तृणमूल कांग्रेस और चुनाव आयोग में तनाव जारी है। टीएमसी ने शुक्रवार को बंगाल में कई आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के ट्रांसफर को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। टीएमसी नेता कल्याण बनर्जी द्वारा दायर याचिका में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को प्रतिवादी बनाया गया है।

याचिका में चुनाव आयोग के उस फैसले पर सवाल उठाया है, जिसमें उन्होंने राज्य सरकार से सलाह किए बिना अधिकारियों का तबादला किया। इस मामले की सुनवाई अगले हफ्ते की शुरुआत में हो सकती है। चुनाव आयोग ने 15 मार्च को विधानसभा चुनावों की घोषणा करने के कुछ ही घंटों के भीतर, मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक सहित बड़ी संख्या में सीनियर अधिकारियों का तबादला किया गया था।

वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फैसले की आलोचना कर 'अघोषित आपातकाल' बताया। उन्होंने संस्थागत हेरफेर के द्वारा बंगाल पर कब्जा करने की सोची-समझी साजिश बताया। उन्होंने कहा कि हम जो देख रहे हैं, वहां अघोषित आपातकाल से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि यह लोकतांत्रिक सिद्धांतों से नहीं, बल्कि राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित है। ममता ने बाद में चुनाव आयुक्त कुमार को पत्र लिखकर चुनाव आयोग के इसतरह के 'मनमाने, एकतरफा और पक्षपातपूर्ण' कदमों से परहेज करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने शालीनता और संवैधानिक मर्यादा की सभी सीमाएं लांघ दी हैं। उन्होंने कहा कि तथाकथित विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत के बाद से चुनाव आयोग ने स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया है और जमीनी हकीकतों या लोगों की भलाई की जरा भी परवाह नहीं की है।

आयोग ने सीनियर पुलिस अधिकारियों के कुछ इंटर-स्टेट ट्रांसफर के आदेशों पर रोक लगा दी। बिधाननगर के सीपी मुरलीधर शर्मा और सिलीगुड़ी के सीपी सैयद वकार रजा, जिन्हें पहले तमिलनाडु जाने के लिए कहा गया था, उन्हें अब इंतजार करने को बोल गया है।

## सोशल मीडिया पर लगाई जा रही पाबंदियों पर बोली कांग्रेस- असहमति को दबा रही है मोदी सरकार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस पार्टी ने सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर जनता के मुद्दे उठाने वाले विभिन्न अकाउंट्स को ब्लॉक करने, उनका कंटेंट हटाने और क्रिएटर्स पर कार्रवाई को अभिव्यक्ति की आजादी पर गंभीर हमला बताया है। उल्लेखनीय है अब विभिन्न मंत्रालयों को सोशल मंडिया कंटेंट की जिम्मेदारी देने की तैयारी है। जिसके तहत अन-सोशल, झूठे, अफवाह फैलाने वाले कंटेंट को ब्लॉक करने को शक्ति विभिन्न मंत्रालयों को दी जाएगी।

कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि सोशल मीडिया पर मोदी सरकार की आलोचना और जन मुद्दों को उठाने वाली आवाज़ों को व्यवस्थित तरीके से दबाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज सुबह एक्स (ट्विटर) पर कई ऐसे अकाउंट्स को भारत में ब्लॉक कर दिया गया, जो सरकार की विफलताओं को उजागर करते थे और आम लोगों के मुद्दे उठाते थे। 4 पीएम चैनल के दोबारा सस्पेंड होने का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि इसी तरह कई यूट्यूब चैनल्स सस्पेंड किए गए हैं। इंस्टाग्राम अकाउंट्स और रील्स भी निशाने पर लिए जा रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि कारवां मैगजीन को मोदी की तस्वीर के साथ 'हीरो ऑफ़ हेटरेड' के कैप्शन वाली कवर फ़ोटो पोस्ट करने पर उसे डिलीट करने का आदेश आया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के आईटी और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के जरिए यह कार्रवाई की जा रही है। सरकारी अधिकारी तय कर रहे हैं कि क्या कंटेंट चलेगा और क्या नहीं। श्रीनेत ने बताया कि उन्हें स्वयं 11 ऐसे ईमेल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से आ चुके हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि मोदी सरकार आर्थिक, कूटनीतिक, राजनीतिक और सामाजिक समेत हर मोर्चे पर विफल साबित हो चुकी है। मोदी सरकार के नामी लोगों का नाम एपस्टीन फाइल में है और हर मोर्चे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनकी सरकार की काली करतूतों का पर्दाफाश हो रहा है। ऐसे में विपक्ष के साथ ही देश की आम जनता मोदी सरकार से सवाल पूछ रही है। सरकार ने मुख्यधारा की मीडिया को अपने अधीन ले लिया है। आम लोगों के लिए सवाल पूछने का साधन सोशल मीडिया बन गया है। ऐसे में सरकार चाहती है कि जो सवाल मुख्यधारा की मीडिया नहीं उठा रही है, वह सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स भी न उठाएं।

## गैस बुकिंग को लेकर साइबर ठग सक्रिय, भेज रहे एपीके फाइन नहीं करें डाउनलोड

### –ऐप के जरिए ठग आपके फोन में मौजूद संवेदनशील जानकारी हासिल कर लेते हैं




**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** अगर आपके मोबाइल पर अचानक गैस बुकिंग अपडेट या एलपीजी बिल पेंडिंग का मैसेज आए, तो यह कोई साधारण नोटिफिकेशन नहीं, बल्कि एक साइबर ट्रैप हो सकता है इसलिए सावधान रहें। केरल पुलिस ने एक नए तरह के फ्रॉड को लेकर अलर्ट जारी किया है, जिसमें ठग गैस सिलेंडर बुकिंग के बहाने लोगों के बैंक अकाउंट तक पहुंच बना रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट में एजेंसी के मुताबिक साइबर ठग इन दिनों एलपीजी सिलेंडर की कमी की खबरों के बीच लोगों की परेशानी का फायदा उठा रहे हैं। सबसे पहले आपके मोबाइल पर एक एसएमएस आता है, जिसमें लिखा होता है कि आपका गैस बिल अपडेट करना है या बुकिंग अधूरी है। इसके बाद ठग व्हाटसएप के जरिए आपसे संपर्क करते हैं और एक फाइल भेजते हैं-जिसका नाम होता है गैस बिल अपडेट एपीके।

यह एपीके फाइल असल में एक खतरनाक ऐप होती है। जैसे ही कोई यूजर इसे इंस्टॉल करता है, उसका पूरा मोबाइल फोन ठगों के कंट्रोल में चला जाता है। इस ऐप के जरिए ठग आपके फोन में मौजूद संवेदनशील जानकारी हासिल कर लेते हैं। इसमें आपके बैंकिंग ऐप्स, यूपीआई डिटेल्स, पासवर्ड और यहां तक कि ओटीपी भी शामिल हो सकते हैं। इसके बाद बिना आपकी जानकारी के आपके बैंक अकाउंट से पैसे गायब होने लगते हैं। कई मामलों में लोगों को तब पता चलता है जब उनके अकाउंट से रकम निकल चुकी होती है।

विशेषज्ञों का मानना है कि डिजिटल पेमेंट और ऑनलाइन सर्विसेज के बढ़ते इस्तेमाल के साथ साइबर फ्रॉड के तरीके भी तेजी से बदल रहे हैं। गैस बुकिंग जैसी रोजमर्रा की सेवाओं को निशाना बनाना इसलिए आसान है, क्योंकि लोग इनसे जुड़े मैसेज पर जल्दी भरोसा कर लेते हैं। ऊपर से अगर मैसेज में अर्जेंट या लास्ट चांस जैसे शब्द हों, तो लोग जल्द लिंक पर क्लिक कर देते हैं। केरल पुलिस ने साफ कहा है कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और व्हाटसएप या एसएमएस के जरिए आए एपीके फाइल को कभी भी डाउनलोड या इंस्टॉल न करें। अगर गलती से आपने ऐसा कोई ऐप इंस्टॉल कर लिया है या आपको लगता है कि आपके साथ फ्रॉड हुआ है, तो तुरंत कार्रवाई करें। सबसे पहले अपने बैंक को जानकारी दें और अपने अकाउंट को सेफ करें। इसके बाद राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।

# नागरिकों की हिरासत पर यूक्रेन का दावा कहा- भारत से हमारे रिश्ते खराब कराना चाहता है रूस



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम में हिरासत में लिए गए छह यूक्रेनी नागरिकों के मामले ने अब एक गंभीर राजनयिक मोड़ ले लिया है। यूक्रेन सरकार ने इस मामले में भारत से निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग करते हुए अपने नागरिकों की किसी भी प्रकार की आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्तता के दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। यूक्रेन का आरोप है कि इस पूरे घटनाक्रम के पीछे रूस का हाथ हो सकता है, जो भारत और यूक्रेन के बीच के मजबूत होते द्विपक्षीय संबंधों में दरार पैदा करने की कोशिश कर रहा है।

यह विवाद तब शुरू हुआ जब मिजोरम में बिना वैध अनुमति (ऑथराइजेशन) के प्रवेश करने और संदिग्ध गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में छह यूक्रेनी और एक अमेरिकी नागरिक को हिरासत में लिया गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, इन व्यक्तियों पर म्यांमार के उन गुटों की सहायता करने का संदेह है, जिनके संबंध भारत विरोधी विद्रोही समूहों से माने जाते हैं। इस संवेदनशील मामले पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्पष्ट किया है कि भारत के कुछ क्षेत्र प्रतिबंधित और संरक्षित श्रेणी में आते हैं, जहाँ यात्रा के लिए विशेष अनुमति अनिवार्य है। चूंकि यह मामला अब अदालत के अधीन है, इसलिए तथ्यों की प्रस्तुति के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी। भारत में यूक्रेन के राजदूत ओलेक्जेंडर पोलिशचुक ने इस संबंध में विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर अपने नागरिकों तक राजनयिक पहुंच (कंसुलर एक्सेस) प्रदान करने का आग्रह किया है। यूक्रेनी दूतावास द्वारा जारी एक कड़े बयान में कहा गया है कि यूक्रेन खुद रूसी आतंक का सामना कर रहा है, इसलिए वह आतंकवाद के किसी भी रूप के खिलाफ एक अडिग रुख रखता है। दूतावास ने उन मीडिया रिपोर्ट्स पर भी गहरी चिंता जताई है जिनमें दावा किया गया था कि यह कार्रवाई रूसी खुफिया जानकारी के आधार पर की गई है। यूक्रेन ने इसे राजनीति से प्रेरित कदम बताते हुए रूस पर दो मित्र देशों के बीच अविश्वास पैदा करने का आरोप लगाया है।यूक्रेन ने अगस्त 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा के दौरान जारी किए गए उस संयुक्त बयान का भी हवाला दिया, जिसमें दोनों देशों ने मिलकर आतंकवाद की निंदा की थी। यूक्रेन ने भारतीय अधिकारियों को आपराधिक मामलों में पारस्परिक कानूनी सहायता संधि के तहत पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। साथ ही, यूक्रेन ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले का उपयोग उसे बदनाम करने या भारत-यूक्रेन संबंधों को नुकसान पहुँचाने के लिए किया गया, तो इसे द्विपक्षीय विश्वास पर जानबूझकर किया गया हमला माना जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com